तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 25.8 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 11 जुलाई 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



पुलिस लाइन चेतना भवन में शिकायत निवारण शिविर में पहुंचे लोगों की समस्या सुनते एसएसपी रजनेश सिंह।




## निगम ने लापरवाही के मामले में जांजगीर की ठेका कंपनी को दिया नोटिस

# सिरगिट्टी में स्ट्रीट लाइट का खंभा खड़ा करने के दौरान बड़ा हादसा, पांच मजदूर झुलसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम क्षेत्र के सिरगिट्टी वार्ड में शुक्रवार की दोपहर स्ट्रीट लाइट के लिए बिजली का खंभा खड़ा करने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। कार्य के दौरान लोहे के पोल ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे तेज करंट फैल गया और पोल को पकड़कर काम कर रहे पांच मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। इनमें चार पुरुष और एक महिला शामिल हैं। सभी को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। कुछ मजदूरों की हालत गंभीर बताई जा रही है। नगर निगम ने लापरवाही के मामले में जांजगीर की ठेका कंपनी को नोटिस जारी किया है।


मिली जानकारी के अनुसार सिरगिट्टी मुख्य रोड आदर्श नगर वार्ड नं 11 पानी टंकी के पास नगर निगम की ओर से स्ट्रीट लाइट का पोल लगाने का कार्य चल रहा है। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे मजदूर पोल खड़ा कर रहे थे। इसी दौरान पोल अचानक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन (33 केवी) लाइन से टकरा गया। देखते ही देखते पूरे पोल में करंट दौड़ गया और उसे संभाल रहे मजदूर उसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों ने तुरंत डायल-112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में घायल मजदूरों की पहचान दीपक यादव (30 वर्ष), मुकेश कुमार (38 वर्ष), सेवाराम (24 वर्ष), प्रहलाद चौरसिया (45 वर्ष) तथा जयंती धुर्वे के रूप में हुई है। सभी मजदूर मध्यप्रदेश के मंडला जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। सभी मजदूर नगर निगम द्वारा दिए गए ठेके के तहत स्ट्रीट लाइट लगा रहे थे।

सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी



### एक करोड़ का ठेका, 88 पोल लगाए जा रहे

नगर निगम के बिजली विभाग के चेयरमैन विजय ताम्रकार के मुताबिक इस काम का ठेका जांजगीर जिले के ठेकेदार रामगोपाल सोमानी को दिया गया है। कुल एक करोड़ के इस ठेके में सिरगिट्टी क्षेत्र के नगपुरा चौक से तारबहार अंडरब्रिज तक दोनों तरफ बिजली के 88 खंभे लगाए जा रहे हैं। इन्हीं खंभों में स्ट्रीट लाइट भी लगाई जा रही है। ठेकेदार को तीन महीने में काम पूरा करने का टारगेट दिया गया है। श्री ताम्रकार के मुताबिक काम में लापरवाही के मामले में ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है। जवाब के बाद कार्रवाई भी होगी।



### दिया गया नोटिस

सिरगिट्टी में आदर्श नगर के पास नगर निगम की ओर से स्ट्रीट लाइट का पोल लगाने का कार्य चल रहा है। कार्य के दौरान करेंट की चपेट में आने से पांच मजदूर घायल हो गए हैं। सभी का इलाज जारी है जहां उनकी हालत ठीक है। ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है।

**- पूजा विधानी,** महापौर

### निगम और ठेका कंपनी की लापरवाही भारी पड़ी

स्थानीय लोगों के मुताबिक इस पूरे काम में नगर निगम और ठेका कंपनी की लापरवाही के कारण मजदूरों की जान पर बन आई। मजदूरों के पास पर्याप्त सुरक्षा उपकरण और सेफ्टी गियर नहीं थे। साथ ही हाईटेंशन लाइन के नीचे कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन भी नहीं किया गया, जिससे यह गंभीर हादसा हुआ। ध्यान रहे कि स्ट्रीट लाइट लगाने के दौरान कर्मचारियों और आम जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसमें मुख्य रूप से बिजली से बचाव, यातायात नियंत्रण, और ऊंचाई पर काम करने के सख्त नियम शामिल हैं लेकिन ठेका कंपनी ने इसका पालन नहीं किया। खंभे पर तारों का काम शुरू करने से पहले मुख्य पावर सप्लाई को बंद कर देना चाहिए लेकिन यह चालू था।

### यह सुरक्षा जरूरी लेकिन नहीं किया गया

- स्ट्रीट लाइट लगाने काम काम शुरू करने से पहले 'वोल्टेज टेस्टर' का उपयोग सुनिश्चित करना चाहिए कि लाइन में करंट तो नहीं है, ऐसा लेकिन नहीं किया गया। 33 केवी की लाइन को बंद नहीं किया गया था।
- कार्य के दौरान केवल प्रमाणित इंसुलेटेड उपकरणों और दस्तानों का प्रयोग किया जाना चाहिए ताकि करंट लगने का जोखिम नहीं रहे लेकिन ठेका कंपनी ने मजदूरों को पुराने दस्ताने दे दिए थे।
- व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण के तहत मजदूरों को खंभे पर चढ़ते समय सेफ्टी हेलमेट पहनना अनिवार्य है। साथ ही फुल-बॉडी हार्नेस का उपयोग करना था लेकिन ना तो निगम ने और ना ही ठेकेदार ने इस पर ध्यान दिया।
- काम के दौरान मजबूत इंसुलेटेड जूते पहनने के साथ ही ढीले कपड़ों के बजाय फिटिंग वाले कपड़े पहनने होते हैं जिससे की वे तारों में न उलझें। यहां काम कर रहे मजदूरों ने लेकिन रुटीन कपड़े पहने हुए थे।
- काम वाली जगह के चारों ओर सुरक्षा टेप या बैरिकेड्स लगाना अनिवार्य है ताकि आम जनता और वाहन दूर रहें लेकिन पिछले 20 दिनों से चल रहे इस काम के दौरान लगातार लापरवाही बरती जा रही है।

# बिलासपुर डीईओ की नियुक्ति पर हाईकोर्ट की रोक

### जूनियर प्राचार्य को पदस्थ करने पर लगी है याचिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने बिलासपुर जिले के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) की नियुक्ति पर अंतरिम रोक लगा दी है। यहां जूनियर प्राचार्य को डीईओ के पद पर पदस्थ किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के इस आदेश को सीनियर प्रिंसिपल ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

बिलासपुर में पदस्थ प्राचार्य राघवेंद्र गौराहा और कामेश्वर बैरागी ने अधिवक्ता जितेंद्र पाली के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया कि बिलासपुर जिले में 100 से ज्यादा ऐसे प्राचार्य हैं, जो नियुक्त किए गए अधिकारी से 18 साल या उससे अधिक सीनियर हैं। इसके बावजूद स्कूल शिक्षा विभाग ने महज कुछ महीने पहले पदोन्नत हुए प्राचार्य (एलबी) रामेश्वर जायसवाल को प्रभारी डीईओ के पद पर पदस्थ कर दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से कोर्ट में यह भी दलील दी गई कि राज्य सरकार के सर्कुलर के मुताबिक कनिष्ठ अधिकारी को वरिष्ठ अधिकारियों के ऊपर पदस्थ नहीं किया जा सकता। खासकर तब जब उसे अपने से सीनियर अधिकारियों की गोपनीय चरित्रावली (सीआर) लिखने की स्थिति में ला दिया जाए।



### खास बातें

- 100 से ज्यादा ऐसे प्राचार्य हैं, जो नियुक्त किए गए अधिकारी से 18 साल या उससे अधिक सीनियर हैं
- सर्कुलर के मुताबिक कनिष्ठ को वरिष्ठ के ऊपर पदस्थ नहीं किया जा सकता, सीआर लिखने की स्थिति गंभीर

### 6 महीने पहले ही बने प्राचार्य अब बनाया डीईओ

अधिवक्ता जितेंद्र पाली ने कोर्ट को बताया कि रामेश्वर जायसवाल को करीब छह महीने पहले ही शिक्षक एलबी से प्राचार्य के पद पर पदोन्नत किया गया था और उसके तुरंत बाद उन्हें बिलासपुर जिले का प्रभारी डीईओ बना दिया गया। यह न सिर्फ विभागीय सर्कुलर का उल्लंघन है, बल्कि प्रशासनिक दृष्टि से भी अनुचित है। याचिका में यह भी कहा गया कि सरकार का यह आदेश वरिष्ठता के सिद्धांत के विपरीत है और इससे पूरे जिले के प्राचार्यों में असंतोष है। यही वजह रही कि जायसवाल की नियुक्ति के बाद प्राचार्य कल्याण संघ के बैनर तले जिले के प्राचार्यों ने विरोध दर्ज कराया था।

### रोक के साथ शासन को जवाब के लिए नोटिस

विरोध के बावजूद जब राज्य शासन ने अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं किया, तब दो प्राचार्यों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने प्रथमदृष्टया मामले को गंभीर मानते हुए बिलासपुर डीईओ की नियुक्ति आदेश पर रोक लगा दी। साथ ही शासन को नोटिस दिया गया है। अब इस मामले में राज्य सरकार को जवाब देना होगा कि आखिर किन परिस्थितियों में सीनियर प्राचार्यों को नजरअंदाज कर जूनियर अधिकारी को इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप दी गई।

## खबर संक्षेप

### एसईसीआर जोन के रहमान बने नए सीपीआरओ

**बिलासपुर।** शुक्रवार की शाम एक आदेश निकालकर एसईसीआर बिलासपुर जोन के अफसरों की ट्रांसफर लिस्ट जारी कर दी गई, जिसमें जोन के नए सीपीआरओ पद की जिम्मेदारी रहमान को दी गई है। वहीं वर्तमान में सीपीआरओ पद पर कार्य कर रहे विपुल विलास राव का ट्रांसफर नागपुर के सीनियर डीसीएम के पद पर किया गया है। रेलवे बोर्ड सेक्रेटरी से आदेश मिलने के बाद दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/राज की ओर से बिलासपुर, रायपुर और नागपुर तीनों डिवीजन के अफसरों की तबादला सूची जारी की गई। आदेश में जोन के सीसीएम पीएस एसटी रामालिंगम के पद को डाउनग्रेड किया गया है। इसके साथ ही एसएजी, सीपीटीएम, डिप्टी सीओएम हेड क्वार्टर के रूप में बहाल करने के साथ बिलासपुर डिवीजन के आपरेटिंग विभाग में वीजी श्यामाकुले को सीनियर डीओएम बनाया गया है। डिप्टी सीओएम गुड्स अर्जुन सिब्बल को सीसीएम एफएस और क्लैम के पद पर, डिप्टी सीओएम विपिन वैष्णव को कोचिंग से हटाकर डिप्टी सीओएम गुड्स के पद पर स्थानांतरण किया गया है। वहीं बिलासपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग में कार्यरत सीनियर डीएसओ साकेत रंजन का ट्रांसफर रायपुर डिवीजन में सीनियर डीओएम के पद पर, अमित सिंह को बिलासपुर के डिप्टी सीओएम कोचिंग और एफओआईएस हेडक्वार्टर के पद पर पदस्थ किया गया है। एसईसीआर बिलासपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुस्कर विपुल विलास राव का ट्रांसफर नागपुर डिवीजन में सीनियर डीसीएम के पद पर और उनके स्थान पर पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी में सीनियर डीसीएम रहे शेख समी उररहमान को नया सीपीआरओ बनाया गया है।

### बारिश से प्रभावित हुई कानन जू की गेटमनी

**बिलासपुर।** दोपहर को बारिश होने के कारण कानन पेण्डारी जू की गेटमनी पर भी काफी असर हो रहा है। कानन पेण्डारी जू में भ्रमण करने के लिए जाने वाले सैलानियों के लिए बारिश से बचने के लिए किसी तरह की कोई व्यवस्था प्रबंधन ने नहीं की है। यहां भ्रमण करने के लिए पहुंचने वाले सैलानी वन्यप्राणियों को देखने के अलावा पिकनिक मनाते हैं। एक दो पैगोड़ा बनाया गया है।

# 45 हजार किसानों ने फसल बीमा कराया, भुगतान केवल 930 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फसल बीमा के नाम पर किसान शायद ठगे जा रहे हैं। खरीफ 2025 का ही आंकड़ा ले लिया जाए तो जिले में 44 हजार 918 किसानों ने अपनी फसल का बीमा कराया था, जबकि बीमा का लाभ केवल 930 किसानों को दिया गया है। बीमा कंपनी ने किसानों को 1.13 करोड़ रूपए का भुगतान किया है, जबकि प्रीमियम के रूप में किसानों से पौने छह करोड़ की राशि वसूल कर ली गई।



- भुगतान के मामले में कंजूसी दिखा रही बीमा कंपनी

प्रधानमंत्री फसल बीमा के नाम पर किसानों से हर साल प्रीमियम के रूप में राशि तो ली जा रही है, लेकिन उसके अनुपात में किसानों को बीमा का भुगतान कम ही किया जा रहा है। फसल बीमा कराने वाले कुल किसानों का बीते कुछ वर्षों का आंकड़ा देखा जाए तो बीमाधारक किसानों की तुलना में बीमा का लाभ पाने वाले किसानों की संख्या 1 प्रतिशत भी नहीं है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि फसल बीमा का लाभ किसानों को कम और बीमा कंपनी को भरपूर मिल रहा है। किसानों द्वारा बीमा क्लेम करने के बाद कंपनी द्वारा भुगतान के लिए भी अलग-अलग तरह के नियम बनाए गए हैं। कभी किसानों की व्यक्तिगत हानि देखकर भुगतान किया जाता है, तो कभी पूरे क्षेत्र में हुई क्षति का आंकलन करते हुए बीमा का लाभ दिया जाता है। कई मामलों में बीमा कंपनी की नीति में अलगाव है।

### हर साल, यही हाल

किसानों को ठगी का शिकार केवल इस साल नहीं, बल्कि हर साल बनाया जा रहा है। वर्ष 2023 में जिले के 44 हजार 510 किसानों ने बीमा कराया था, जिनमें 43 हजार 219 किसानों को भुगतान के लिए अपात्र घोषित कर दिया गया। इस दौरान 1291 किसानों को केवल 70 लाख 43 हजार 819 रूपए का भुगतान किया गया था। इसी तरह वर्ष 2024 में बीमा कराने वाले कुल 45 हजार 69 किसानों में से केवल 2265 किसानों को ही पात्र मानते हुए 3 करोड़ 20 लाख 32 हजार 460 रूपए का भुगतान किया गया था, जबकि 42 हजार 804 किसानों को अपात्र कर दिया गया।

### हर विकासखंड के किसानों को भुगतान करने का दावा

एचडीएफसी एर्गो कंपनी के द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में केसीसी लोन लेने वाले एवं गैर ऋणी किसानों का भी बीमा किया गया है। कंपनी द्वारा जिले के सभी चारो ब्लॉक बिल्हा, मस्तूरी, तखतपुर व कोटा में क्लेम दिए जाने का दावा किया जा रहा है।

### मामलों की जांच की जा रही

प्रधानमंत्री फसल बीमा के अंतर्गत खरीफ सीजन के लिए वर्ष 2025 में अब तक 930 किसानों को बीमा राशि जारी की जा चुकी है। इसके अलावा अभी लगातार किसानों की पात्रता की सूक्ष्म जांच व परीक्षण किया जा रहा है। पात्रता अनुसार अभी अन्य किसानों को भी बीमा भुगतान का लाभ दिया जाना है। यह अभी प्रक्रिया में है।

**- पीडी हथेश्वर,** डीडीए बिलासपुर

### एमएड में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 21 को

**बिलासपुर।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), छत्तीसगढ़ ने शासकीय शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित एमएड (विभागीय एवं सीधी भर्ती) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा की तारीख घोषित कर दी है। परीक्षा 21 जुलाई मंगलवार को आयोजित होगी। परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक दो परीक्षा केंद्रों-उन्नत शिक्षण अध्ययन संस्थान बिलासपुर व शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी परीक्षा तिथि से 5 दिन पहले एससीईआरटी की वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।






## खबर संक्षेप

### 110 किमी प्रति रफ्तार से चल रही अनूपपुर-कटनी के बीच ट्रेनें

**बिलासपुर।** एसईसीआर के बिलासपुर डिवीजन अंतर्गत अनूपपुर से कटनी के बीच तीसरी लाइन का काम पूरा किया जा चुका है, जहां ट्रेनों का परिचालन 110 किलोमीटर प्रति रफ्तार से किया जा रहा है। रेलवे के अनुसार अनूपपुर से कटनी रेलखंड पर 165.52 किलोमीटर लंबी तीसरी लाइन के शुरु होने से रेल परिचालन अधिक सुगम, सुरक्षित और समयबद्ध हुआ है। अतिरिक्त लाइन उपलब्ध होने से यात्री एवं मालगाड़ियों का संचालन बेहतर ढंग से किया जा रहा है। रेलखंड में वृद्धि के अंतर्गत अनूपपुर, सिंहपुर, लोहरा, विलायतकला, रूपौंद, न्यू कटनी जंक्शन खंड पर 110 किलोमीटर प्रति घंटे की गति सफलतापूर्वक लागू की जा चुकी है। वहीं सिंहपुर से लोहरा, विलायतकला से रूपौंद खंड में 110 किलोमीटर प्रति घंटा गति लागू करने के लिए आवश्यक कार्य तेजी से प्रगति पर है।



### 18 को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का महाअभियान, जिले में लगेंगे लाखों पौधे

**बिलासपुर।** 18 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम अभियान का महाअभियान चलाया जाएगा। इसके तहत जिले में लाखों पौधे लगाए जाएंगे। इस संबंध में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि पौधे लगाना आसान है, लेकिन उन्हें बचाना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में बताया गया कि जिले में वर्तमान में करीब 14.50 लाख पौधे उपलब्ध हैं। इनमें लगभग 12.25 लाख पौधे वन विभाग तथा 2.25 लाख पौधे उद्यान विभाग की नर्सरियों में तैयार रखे हुए हैं। उद्यान विभाग द्वारा करीब 75 हजार पौधे इच्छुक नागरिकों को निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। इसके लिए सरकंडा, वेदपरसदा (मस्तूरी), बहतराई (तखतपुर) और करगीकला (कोटा) स्थित नर्सरियों से पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। इस वर्ष अभियान में मुख्य रूप से फलदार एवं छायादार पौधों के रोपण पर जोर दिया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष ब्लॉक प्लांटेशन की अवधारणा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि पौधरोपण के बाद पौधों की जिम्मेदारी बिहान की महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपी जाए, ताकि भविष्य में फल उत्पादन से उन्हें अतिरिक्त आय का लाभ भी मिल सके। उन्होंने ऐसे पौधों के रोपण पर बल दिया, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों की आजीविका बढ़ाने में भी सहायक हों। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई को जिलेभर में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। अभियान में स्थानीय विधायक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, शैक्षणिक संस्थान और आम नागरिक भी सहभागी होंगे। बैठक में नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, जिपं के सीईओ संदीप अग्रवाल, डीएफओ नीरज आदि मौजूद थे।

### कैट ने मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद का जताया आभार



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में व्यापार, उद्योग एवं निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का कैट बिलासपुर और कैट छत्तीसगढ़ ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं मंत्रिपरिषद के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, बिलासपुर अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह, आशीष अग्रवाल, अनिल राघवानी, परमजीत उबेजा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लिए गए ये निर्णय छत्तीसगढ़ को व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने वाले सिद्ध होंगे। व्यापारिक प्रक्रियाओं के सरलीकरण, निवेश प्रोत्साहन तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से जुड़े सुधारों से प्रदेश में उद्योगों की स्थापना को गति मिलेगी, निवेशकों का विश्वास सुदृढ़ होगा, व्यापार करने में सुगमता बढ़ेगी तथा प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए निर्णय व्यापारिक समुदाय द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही अनेक महत्वपूर्ण मांगों को पूरा करने की दिशा में एक सकारात्मक एवं स्वागतयोग्य पहल हैं। इन विषयों को कैट बिलासपुर द्वारा समय-समय पर विभिन्न बैठकों, ज्ञापनों एवं शासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाता रहा है। राज्य सरकार द्वारा इन सुझावों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाना व्यापारिक समुदाय के लिए अत्यंत उत्साहजनक है। बैठक में अनिल राघवानी , दिलीप खेंडेलवाल, अनिल गुप्ता,श्रीकांत पांडे, राजेन्द्र सिंह, विष्णु गुप्ता, मुकेश लालचंदानी, भरत ऋषि नामित सलूजा, प्रतिज्ञा सिंह, बबीता ताम्रकर, सुमन डिवेडी , मोनिका , बिंदु सिंह कुचवाहा उपस्थित थे।

# सीयू में सीयूईटी के तहत यूजी में एडमिशन के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरु

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के यूजी पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए शुक्रवार से यूनिवर्सिटी वेबसाइट समर्थ पोर्टल पर आनलाइन रजिस्ट्रेशन चालू हो गया है। बारहवीं क्लास उत्तीर्ण करके सीयूईटी इंट्रेस एग्जाम पास करके आए फ्रेशर छात्र-छात्राएं 27 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं, उसके बाद ही एडमिशन की मेरिट आधार पर लिस्ट निकाली जाएगी।

- **फ्रेशर स्टूडेंट्स 27 जुलाई तक करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन**

कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेस टेस्ट के रिजल्ट घोषित होने के बाद सीयूईटी तहत यूजी पाठ्यक्रमों में सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके अंतर्गत एडमिशन व काउंसिलिंग परामर्श के लिए समर्थ पोर्टल के माध्यम से 10 जुलाई शुक्रवार से आनलाइन रजिस्ट्रेशन चालू हो गया है और 27 जुलाई रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि है। ऐसे स्टूडेंट्स जो बारहवीं क्लास उत्तीर्ण किए हैं और सीयूईटी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए थे, वे सीयूईटी परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार काउंसिलिंग के माध्यम से एडमिशन के लिए अपना आनलाइन रजिस्ट्रेशन यूनिवर्सिटी के वेबसाइट समर्थ पोर्टल में कराएंगे। उसके बाद आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने वाले स्टूडेंट्स का मेरिट आधार पर एडमिशन के लिए लिस्ट निकाली जाएगी और एडमिशन लेने के लिए स्टूडेंट्स को समय दिया जाएगा। मेरिट लिस्ट सीयूईटी यूजी 2026 परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तय की जाएगी। हालांकि सीयूईटी अंकों में किसी भी तरह की बराबरी की स्थिति में बारहवीं क्लास के उच्च प्रतिशत और फिर दसवीं क्लास के उच्च प्रतिशत को मेरिट के लिए माना जाएगा। आगे बराबरी की स्थिति में उम्र में अधिक बड़े छात्रों को मेरिट में शामिल किया जाएगा।

### 32 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए थे पिछले वर्ष

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 32 हजार 292 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। उसक पूर्व सत्र 2024-25 में 18 हजार 583 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सत्र 2025-26 के लिए 26 स्नातक कार्यक्रम तथा 01 डिप्लोमा कार्यक्रम के लिए 32 हजार 292 स्टूडेंटस ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें से कला स्नातक ऑनर्स मानव विज्ञान में 349, कला स्नातक ऑनर्स अर्थशास्त्र में 679, कला स्नातक ऑनर्स हिंदी में 180, कला स्नातक ऑनर्स इतिहास में 672, कला स्नातक ऑनर्स पत्रकारिता एवं जनसंचार में 607, कला स्नातक ऑनर्स राजनीति विज्ञान में 851, कला स्नातक ऑनर्स अंग्रेजी में 831, बीबीए में 1245, वाणिज्य स्नातक ऑनर्स वाणिज्य में 1098, बीसीए में 1295, बीए एलएलबी में 2531, बीकॉम एलएलबी में 1050, फार्मेसी स्नातक में 2580, विज्ञान स्नातक ऑनर्स मानव विज्ञान में 864, विज्ञान स्नातक ऑनर्स जैव प्रौद्योगिकी में 4271, विज्ञान स्नातक ऑनर्स वनस्पति विज्ञान में 1892, विज्ञान स्नातक ऑनर्स रसायन विज्ञान में 1395, विज्ञान स्नातक ऑनर्स कंप्यूटर विज्ञान में 259, विज्ञान स्नातक ऑनर्स इलेक्ट्रॉनिक्स में 324, विज्ञान स्नातक विज्ञान ऑनर्स भौतिकी में 807, विज्ञान स्नातक ऑनर्स फोरेंसिक विज्ञान में 2584, विज्ञान स्नातक ऑनर्स वानिकी में 1225, विज्ञान स्नातक ऑनर्स गणित में 829, विज्ञान स्नातक ऑनर्स ग्रामीण प्रौद्योगिकी में 464, विज्ञान स्नातक ऑनर्स प्राणी विज्ञान में 2621, समाज कार्य स्नातक समाज कार्य में 291, एवं डिप्लोमा फार्मेसी में 498 रजिस्ट्रेशन हुए थे।

# एनईपी लागू, कालेजों में इस सत्र से थर्ड ईयर भी सेमेस्टर सिस्टम

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में इस सत्र से स्नातक थर्ड ईयर में भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी तहत सेमेस्टर सिस्टम लागू हो रहा है। एनईपी फर्स्ट ईयर व सेकंड ईयर में पहले ही लागू हो गया था और अब थर्ड ईयर में भी सेमेस्टर सिस्टम से ही अध्ययन-अध्यापन एवं एग्जाम होंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत केन्द्रीय अध्ययन मंडल द्वारा निर्मित स्नातक तृतीय वर्ष के पाठयक्रम को शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू किया जा रहा है।

- **फर्स्ट व सेकंड ईयर में पहले हो चुका लागू**

कालेजों में इस नए शिक्षा सत्र से यूजी थर्ड ईयर की पढ़ाई भी सेमेस्टर सिस्टम से होगी और थर्ड ईयर में भी 6-6 माह में परीक्षा आयोजित होगी। इस सत्र से स्नातक फायनल ईयर में भी वार्षिक परीक्षा का सिस्टम बंद हो जाएगा। सभी यूनिवर्सिटी, कालेजों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षा सत्र 2024 से लागू की गई थी। पहले नई शिक्षा नीति स्नातक प्रथम वर्ष में लागू की गई थी, उसके बाद दूसरे वर्ष सेकंड ईयर में नई शिक्षा नीति को अपनाया गया। नई शिक्षा नीति को लेकर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा यूनिवर्सिटी स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षण भी दिया गया था और कालेजों के प्राचार्यों व प्राध्यापकों को उसकी जानकारी दी गई थी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से पूरा हायर एजुकेशन सिस्टम बदलने लगा है। पहले फर्स्ट ईयर में बदलाव आया, अब स्नातक थर्ड ईयर में अभी तक परीक्षा की जो वार्षिक व्यवस्था थी वह भी बदल जाएगी।

### फोकस स्किल डेवलपमेंट, स्किल लर्निंग पर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पढ़ाई का पूरा फोकस स्किल डेवलपमेंट, स्किल लर्निंग पर दिया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि कालेज की पढ़ाई करने के बाद छात्र-छात्राएं स्टार्टअप की तरफ भी आगे बढ़ सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत राज्यभर के सभी यूनिवर्सिटी में समान सिलेबस तैयार किया गया है। एनईपी के पहले कालेजों में जो शिक्षा व्यवस्था थी, उसमें स्किल डेवलपमेंट, स्किल लर्निंग पर ध्यान नहीं दिया गया था।

### एनईपी में चार वर्षीय कोर्सेस

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत स्नातक का पाठ्यक्रम चार साल का होगा। पहले साल की पढ़ाई के बाद विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, दूसरे साल में डिप्लोमा, तीसरे साल में स्नातक की डिग्री एवं चौथे साल आनर्स प्रदान किया जाएगा। आनर्स की डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थी स्नातकोत्तर की पढ़ाई किए बिना शोध कार्य प्रारंभ कर सकेंगे। बीच में पढ़ाई बाधित होने पर विद्यार्थी अपने क्रेडिट के आधार पर दोबारा फिर से प्रवेश लेकर आगे की पढ़ाई कर सकेंगे।

### एनईपी के पहले केवल पीजी में था सेमेस्टर

शिक्षा सत्र 2024 में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति इनईपी लागू होने के पहले स्नातक स्तर के पाठयक्रमों में फर्स्ट ईयर से लेकर सेकंड ईयर व फाइनल ईयर में वार्षिक परीक्षा व्यवस्था थी। सालभर पढ़ाई के बाद एक बार परीक्षा होती थी। लेकिन स्नातकोत्तर पीजी पाठ्यक्रमों में कुछ साल पहले ही सेमेस्टर सिस्टम लागू हो गया था।

### इस सत्र से प्रारंभ

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत केन्द्रीय अध्ययन मंडल द्वारा निर्मित स्नातक तृतीय वर्ष के पाठयक्रम को इस शिक्षा सत्र से प्रारंभ किया जा रहा है। इस तरह प्रथम व द्वितीय वर्ष के बाद स्नातक तृतीय वर्ष भी सेमेस्टर सिस्टम लागू हो रहा है और तृतीय वर्ष में पांचवां और छठवां सेमेस्टर होगा।

-डॉ. तारणीश गौतम
रजिस्ट्रार, अटल यूनिवर्सिटी

भाजपा कार्यालय में हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन

# अपनी लोकप्रियता की वजह से 22 राज्यों में है भाजपा की सरकारः प्रेम प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सम्मलेन में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि अपनी लोकप्रियता की वजह से आज 22 राज्यों में भाजपा की सरकार है। इसके साथ ही लगातार 12 वर्षो तक केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है। नरेन्द्र मोदी देश में लगातार 12 वर्षो से अधिक समय तक प्रधानमंत्री पद को सुशोभित करने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री है।

भाजपा जिला कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं स्मारक पक्ष के अवसर पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि 125 वर्ष पूर्व जन्में व्यक्ति को आज 125 वर्ष बाद भी श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। उन्होंने श्री मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री मुखर्जी कलकत्ता यूनिवर्सिटी में 33 वर्ष की उम्र में कुलपति नियुक्त हुए थे। उन्होंने कहा कि भारत व पाकिस्तान के बंटवारे के समय श्री मुखर्जी ने बंगाल और पंजाब का विभाजन नहीं होने दिया।




भाजपा कार्यालय में सम्मेलन के संबोधित करते पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय।

श्री पाण्डेय ने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी हिन्दु महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे है। उन्होंने कहा कि बंगाल की वर्तमान स्थिति रेल, जेल, तेल के बाद अब भेल झालमुड़ी पर आधारित है। अब वहॉ भारतीय जनता पार्टी सरकार की स्थापना पहली बार हुई है। इसके फलस्वरूप पं. बंगाल में विकास की स्थिति में काफी परिवर्तन निकट भविष्य में देखने को मिलेगी। इसकी शुरूआत वहॉ शुभेन्दु सरकार के बनते ही हो गई है। देश की एकता अखंडता को बनाये रखने के लिये मानपुर में अधिवेशन रखा गया था, जिसमें धारा 370 को हटाने का प्रस्ताव लाया गया था, किन्तु 66 वर्षो के सतत संघर्ष रहने के बाद अब हमें कश्मीर से धारा 370 को हटाने में सफलता मिली। इसी के फलस्वरूप आज कश्मीर के लाल चौक में तिरंगा फहरा रहा है।

बिल्हा क्षेत्र के विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रभक्त के साथ ही एक कानूनविद भी रहे। कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति भी रहे, किन्तु 33 वर्ष की उम्र में उन्होंने कुलपति का पद त्याग कर राजनीति में प्रवेश किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने आज की बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, बिलासपुर संभाग प्रभारी व महापौर जगदीश रामू रोहरा, भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, महापौर पूजा विधानी, गुलशन ऋषि, विनोद सोनी, अमरजीत सिंह दुआ, रामदेव कुमावत, चंद्रप्रकाश बाजपेयी, वाणी राव, प्रदीप कौशिक, सोमेश तिवारी, अजीत सिंह भोगल, संतोष कौशिक, प्रवीण दुबे, पेंगन वर्मा, पुनीता डहरिया, रानू सिदार, रितेश अग्रवाल, केके शर्मा, दुर्गेश पाण्डेय, वैभव गुप्ता, दिनेश राजपूत, घनश्याम कौशिक, तुलसी बघेल, श्याम सिंह ध्रुव, लक्ष्मीनारायण कश्यप, शैलेन्द्र यादव, देवेन्द्र पाठक, मनोज सोनी, एस.श्रीनिवास राव, उमाशंकर कश्यप, इन्द्रजीत क्षत्री, दिनेश साहू, नैनलाल साहू सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# एसईसीएल में ग्राउंड वाटर रेगुलेशन पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल मुख्यालय में ग्राउंड वाटर रेगुलेशन एण्ड कंट्रोल विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें भू-जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन को लेकर विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण विचार सुझाव दिए। केंद्रीय भू-जल प्राधिकरण , नई दिल्ली तथा केंद्रीय भू-जल बोर्ड, उत्तर मध्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र, रायपुर के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भू-जल संरक्षण, जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन तथा इससे जुड़े नियामकीय प्रावधानों की जानकारी प्रदान करना था।

समापन अवसर पर कोल इंडिया लिमिटेड के कार्यपालक निदेशक (पर्यावरण) सी. जयदेव विशिष्ट अतिथि रहे। अपने संबोधन में सी. जयदेव ने कहा कि जल संरक्षण केवल पर्यावरण से जुड़ा विषय नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि खनन गतिविधियों के साथ प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग और जल का वैज्ञानिक प्रबंधन समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नए नियमों, बेहतर कार्यप्रणालियों और जल संरक्षण के प्रभावी उपायों को समझने का अवसर मिलता है। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने भू-जल प्रबंधन, आवश्यक अनुमतियों, जल संरक्षण तथा अपने कार्यक्षेत्र से जुड़े विभिन्न प्रश्न विशेषज्ञों से पूछे। जिसका समाधान किया गया। विशेषज्ञों ने जल संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा उपलब्ध जल संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर विशेष जोर दिया।

### जानकारी साझा की

कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने भू-जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, भू-जल पुनर्भरण, उद्योगों में जल के बेहतर उपयोग तथा भू-जल से जुड़े नियामकीय प्रावधानों पर जानकारी साझा की। केंद्रीय भू-जल प्राधिकरण, नई दिल्ली से डॉ. प्रबीर के. नाइक , उद्देश्य कुमार एवं सुश्री एच. वी. सोफिया तथा केंद्रीय भू-जल बोर्ड, उत्तर मध्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र, रायपुर से डॉ. भूषण आर. लामसोगे, सिद्धांत कुमार साहू, सुश्री सायली उमेश तेंबूर्णे एवं प्रमोद साहू ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में अपने अनुभव और सुझाव साझा किए।

# नक्शा बटांकन व सीमांकन को प्राथमिकता से निपटाएं : कलेक्टर

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शुक्रवार को बिलासपुर एवं सकरी तहसीलों का निरीक्षण कर राजस्व कार्यों की प्रगति और अभिलेखों के संधारण का जायजा लिया। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों को निर्धारित समय-सीमा पर गुणवत्तापूर्ण के साथ निपटाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न राजस्व प्रकरणों की फाइलों का अवलोकन कर उनके निराकरण की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि एक वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों में नियमित एवं शीघ्र-शीघ्र पेशियां निर्धारित कर प्राथमिकता के साथ उनका निराकरण किया जाए। श्री अग्रवाल ने विशेष रूप से नक्शा बटांकन और सीमांकन के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नक्शा बटांकन लंबित रहने से भूमि संबंधी अनेक समस्याएं उत्पन्न होती हैं और नागरिकों को विभिन्न शासकीय कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए इस कार्य में तेजी लाते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने तहसीलों में रखे जाने वाले राजस्व अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव पर भी जोर दिया।



उन्होंने कहा कि अभिलेख सुरक्षित, अद्यतन एवं व्यवस्थित होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तहसील कार्यालय पहुंचे राजस्व प्रकरणों के पक्षकारों से सीधे चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिवक्ताओं से चर्चा कर राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के संबंध में सुझाव प्राप्त किए।

# बांटी जा चुकी 40 हजार मीट्रिक टन खाद, 13 हजार स्टॉक में

**बिलासपुर।** खरीफ सीजन के लिए जिले में खाद एवं प्रमाणित बीज का पर्याप्त भंडारण किया गया है। जिले की 114 सहकारी समितियों के माध्यम से अब तक 39 हजार 541 मीट्रिक टन खाद बांटी जा चुकी है, जबकि 13 हजार 389 मीट्रिक टन खाद का अभी भरी स्टॉक उपलब्ध है। सहकारी समितियों के माध्यम से 15 हजार क्विंटल प्रमाणित बीजों का वितरण किया जा चुका है, जबकि 22 सौ क्विंटल प्रमाणित बीज अब भी उपलब्ध है।

खरीफ सीजन के लिए जिले में इस साल सहकारी समितियों व कृषि विभाग के कार्यालयों में 17,348 क्विंटल प्रमाणित बीज का भंडारण किया गया था, जिसमें से 15 हजार क्विंटल से अधिक बीज का वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में जिले की सहकारी समितियों में लगभग 2,200 क्विंटल प्रमाणित बीज उपलब्ध है। इसी प्रकार यूरिया 28,572 मीट्रिक टन, डीएपी 6,456.38 मीट्रिक टन, एमओपी 1,596 मीट्रिक टन, एनपीके 8,300 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 8,005 मीट्रिक टन उर्वरक किसानों को उपलब्ध कराए गए हैं। जिले में इस वर्ष लगभग 2,408 एकड़ क्षेत्र में हरी खाद के रूप में ढेंचा एवं मूंग की खेती की गई है। कृषि विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि ढैंचा की फसल 35 से 40 दिन की होने पर उसे मिट्टी में पलट दें, जिससे भूमि में जैविक कार्बन एवं नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ेगी और रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम होगी। इसी प्रकार मूंग की फसल के अवशेषों को खेत में मिलाने से भी आगामी धान फसल को प्राकृतिक पोषक तत्व प्राप्त होंगे। किसानों को कृषक उन्नति योजना के तहत प्रति एकड़ 15 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। वहीं पीएम-आशा योजना के अंतर्गत दलहन एवं तिलहन फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित की जाएगी।

### खाद की कमी नहीं

सहकारी समितियों के माध्यम से अब तक किसानों को 40 हजार मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है, वही 13 हजार मीट्रिक टन से भी अधिक खाद समितियों में उपलब्ध है। प्रमाणित बीजों की भी कोई कमी नहीं है। अल्प वृष्टि को ध्यान में रखते हुए किसानों को दलहन व तिलहन का रकबा बढ़ाना चाहिए। ऐसा करने से उन्हें शासन की ओर से 15 हजार रूपए प्रति एकड़ की दर पर आदान राशि भी प्राप्त हो सकेगी।

-पीडी हथेश्वर, डीडीए बिलासपुर

# चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज को मिला 'बेस्ट इंजीनियरिंग कॉलेज' अवॉर्ड



एजुकेशन प्लस

**बिलासपुर।** चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में दोहरी उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ पीईटी के माध्यम से आयोजित इंजीनियरिंग प्रवेश काउंसलिंग के प्रथम चरण में कॉलेज को बिलासपुर संभाग में सर्वाधिक सीटों का आवंटन प्राप्त हुआ है। वहीं, उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं प्लेसमेंट उपलब्धियों के लिए कॉलेज को 'बेस्ट इंजीनियरिंग कॉलेज' अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया है। पीईटी काउंसलिंग के प्रथम चरण में मिले सर्वाधिक सीट आवंटन ने एक बार फिर साबित किया है कि चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज विद्यार्थियों की पहली पसंद बनकर उभरा है। कॉलेज की इस उपलब्धि में एक और गौरवपूर्ण अध्याय उस समय जुड़ा, जब छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के करकमलों से चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज को 'बेस्ट इंजीनियरिंग कॉलेज' अवॉर्ड प्रदान किया गया। कॉलेज को यह प्रतिष्ठित सम्मान क्षेत्र में उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड, आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त इंफ्रास्ट्रक्चर, अनुभवी एवं उच्च योग्यताप्राप्त फैकल्टी और गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के लिए प्रदान किया गया। कॉलेज प्रबंधन ने इस सफलता पर कहा कि संस्थान भविष्य में भी आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा, उत्कृष्ट प्लेसमेंट और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

## बिजनेस प्लस


### हर घर की पहली पसंद बनी शैल वस्त्रालय की 'लूटमार सेल'

**बिलासपुर।** बिलासपुर में इन दिनों खरीदारी का उत्साह अपने चरम पर है। शैल वस्त्रालय की वार्षिक 'लूटमार सेल' शुरू होने के एक सप्ताह बाद भी ग्राहकों की भारी भीड़ लगातार उमड़ रही है।

शहर ही नहीं, आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में परिवार इस विशेष सेल का लाभ उठाने शैल वस्त्रालय पहुंच रहे हैं। आकर्षक ऑफर्स, विशाल कलेक्शन और किफायती कीमतों ने इस सेल को पूरे शहर में चर्चा का विषय बना दिया है। ग्राहकों के लिए साड़ियों पर 60% तक की छूट, कुर्ती, कॉर्ड सेट, जींस एवं टॉप्स पर बाय वन गेट वन फ्री, चयनित परिधानों पर बाय टू गेट वन फ्री, तथा पुरुषों के एथनिक वियर एवं लहंगों पर 50% तक की छूट जैसी शानदार पेशकश उपलब्ध है। वर्ष में केवल एक बार मिलने वाले इन ऑफर्स का लाभ उठाने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्राहक पहुंच रहे हैं।खरीदारी के दौरान ग्राहकों में उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। परिवार अपनी पसंद के परिधानों की खरीदारी के साथ-साथ आकर्षक बचत का आनंद ले रहे हैं।



### न्यू जनरेशन के 'झमाझम सेल' महोत्सव में बंपर छूट

**बिलासपुर/रायपुर।** न्यू जनरेशन – द कम्प्लीट फैमिली स्टोर ने 'झमाझम सेल' की शानदार शुरुआत कर दी है। इस मेगा सेल में देश-विदेश के 100 से अधिक लोकप्रिय फैशन ब्रांड्स पर 50 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट दी जा रही है। यह सेल रायपुर और बिलासपुर स्थित दोनों शोरूम में ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। न्यू जनरेशन के संचालक ने बताया कि यह हमेशा से अपने विशाल ब्रांड कलेक्शन, ट्रेंडिंग फैशन, बेहतरीन गुणवत्ता और ग्राहकों के भरोसे के लिए जाना जाता है। इस बार का 'झमाझम सेल' ग्राहकों को अपनी पसंद के ब्रांड्स बेहद किफायती कीमतों में खरीदने का सुनहरा अवसर दे रहा है। स्टोर में पुरुष, महिला, युवाओं और बच्चों के लिए लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स पर आधारित परिधानों का विशाल संग्रह उपलब्ध है। इसके साथ ही कैजुअल वियर, फॉर्मल वियर, पार्टी वियर, डेनिम, टी-शर्ट, शर्ट, ट्राउजर, किड्स फैशन और फैशन एक्सेसरीज़ की विस्तृत रेंज भी आकर्षक ऑफर्स के साथ ग्राहकों के लिए उपलब्ध है ।



## खबर संक्षेप

### बांके बिहारी बने भाजपा प्रदेश व्यापारी प्रकोष्ठ के सदस्य



**सीपत।** भारतीय जनता पार्टी ने सीपत के वरिष्ठ भाजपा नेता बांके बिहारी गुप्ता को प्रदेश भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ का सदस्य मनोनीत किया है। इस मौके पर । बाके बिहारी ने कहा वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। प्रदेश के व्यापारी वर्ग की समस्याओं को संगठन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखकर उनके समाधान के लिए निरंतर कार्य करूंगा ,जनसेवा के संकल्प को गांव-गांव और व्यापारियों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

### पुराने कार्यकर्ताओं से मिलकर भावविभोर हुए मिरी



**दगोरी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद गोविंद राम मिरी गुरुवार को अल्प प्रवास के तहत क्षेत्र के पुराने कार्यकर्ताओं से मिले। उन्होंने सभी का हालचाल जानकर भाव विभोर हो गए। विदित हो कि अविभाजित मध्यप्रदेश के कद्दावर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व सांसद गोविंद राम मिरी से मिलकर कार्यकर्ता भी खुश हुए। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर एडवोकेट श्यामता प्रसाद सन्नाट, सोसायटी अध्यक्ष कामता प्रसाद कौशिक, खोरबहरा राम कौशिक, वरिष्ठ वकील बसंत केवट, मुनेंद्र शर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भरारी में रोपे गए विविध किस्म के पौधे

**मस्तूरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरू किया गया राष्ट्रव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान एक पेड़ मां के



नाम के तहत गुरुवार को विकास खंड की ग्राम पंचायत भरारी में नया तालाब के मेढ़ में वृहद रूप से पौधरोपण किया गया जिसमें पीपल, बरगद, जामुन, आम, अमरूद, सागौन सहित कई प्रजाति के पौधों का सुरक्षित पूर्वक पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर द्वारिका टंडन पूर्व सरपंच, उमाशंकर पटेल उपसरपंच, सरोज पैकरा, लखेश्वर कैवर्त, बना बाई, मोहन पैकरा, डॉक्टर पैकरा, लीला जांगड़े, मोहित बर्मन सचिव, चंद्रकला कैवर्त रोजगार सहायक, अश्वनी टंडन अमृता जांगड़े सक्रिय महिला, छत्रपाल पैकरा, मोहित यादव, गोलू कैवर्त, प्रकाश, गोलू मधुकर ने वृक्षारोपण में अपना विशेष योगदान दिया।

### रांक हाई स्कूल में बेटियों को मिली साइकिल



**मस्तूरी।** विकास खंड मस्तूरी के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत रांक के शासकीय हाई स्कूल में प्रेरणादायक और जनकल्याणकारी पहल के तहत निःशुल्क सरस्वती साइकल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं में नव प्रवेशी बालिकाओं को साइकिलें वितरित की गईं, जिससे उनकी शिक्षा की राह अब और भी आसान होगी। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चन्द्रप्रकाश सूर्या ने मुख्य अतिथि के रूप में रहे। इस अवसर पर ग्राम रांक के सरपंच विक्रम प्रताप सूर्यवंशी, प्रणव शर्मा, जोहन वस्त्रकर, गंगाधर मंजारे,सुरेश राठौर केदार नाथ प्राचार्य, हेमलता वर्मा , साहू सर, विपुल मिश्रा, विनोद राठौर,बलराम मेहरा, देवांगन पैनोरे,भानु प्रकाश, अनिल गंधर्व, राकेश राठौर, शिक्षक, शिक्षिकाओं, पालक एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

### कोटा विधायक ने ली जीवन दीप समिति की बैठक

# नहीं सुधरी बिजली व्यवस्था तो होगा उग्र आंदोलनः अटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव में कोटा जनपद कार्यालय में आयोजित जीवदीप समिति के बैठक में स्वास्थ्य विभागों हेतु आवश्यक संसाधन का अनुमोदन किया। बैठक में स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन, संसाधन एवं आवश्यकता की समीक्षा की गई। वहीं स्वास्थ्य केन्द्रों हेतु आवश्यक वाशिंग मशीन एवं सुचारू बिजली हेतु सोलर एवं जनरेटर के लिए अनुमोदन किया गया।

बैठक में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कोटा एसडीएम को बिजली व्यवस्था शीघ्र सुधार करने हेतु ज्ञापन देते हुए कहा कि कोटा के ग्रामीण क्षेत्र धुमा तेंदुआ गोबरीपाट करगीखुर्द नवागांव शिवतराई बिल्लीबंद मोंहदी चंगोरी खुरदूर जोगीपुर सेमरिया मझगांव सहित अनेक ग्रामों में लगातार 8 से 10 दिन तक लाईट कनेक्शन बंद है। वही कोटा नगर रतनपुर नगर एवं ग्रामीणों क्षेत्रों मे प्रतिदिन 24 घंटो तक विद्युत आपूर्ति बंद रहता है। ट्रांसफार्मर



की अनुपल्बधता संसाधन की कमी एवं विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के निष्क्रियता के कारण समस्याओं का समाधान नही हो रहा है। भीष्ण गर्मी एवं बारिश में लगातार विद्युत आपुर्ति बाधित होने के कारण किसान घरेलू उपभोक्ता विद्यार्थी एवं व्यापारी सहित जनमानस गंभीर रूप से प्रभावित हो कर समस्या का सामना कर रहे है। विद्युत आपूर्ति समस्या का त्वरित स्थायी समाधान नही होने पर समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी नगरवासी एवं ग्रामीणजन विद्युत कार्यालय का घेराव उग्र आंदोलन एवं चक्काजाम करने हेतु मजबूर होंगे,जिसकी समस्त जवाबदेही विद्युत विभाग शासन एवं प्रशासन की होगी।

### जनपद सीईओ का होगा घेराव

अटल श्रीवास्तव ने जनपद सीईओ युवराज सिन्हा कि शिकायत करते हुए एसडीएम से कहा कि जनपद सीईओ कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं। सप्ताह में मात्र एक दो दिन कुछ घंटों के लिए कार्यालय आते हैं। सरपंच सचिव जनपद सदस्य एवं जनप्रतिनिधि सीईओ से रवैये से परेशान हैं। अगर सीईओ की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो सीईओ का घेराव एवं उच्च स्तर पर शिकायत कर कार्रवाई कराई जाएगी। उक्त बैठक में प्रवेश पैकरा एसडीएम सरोज दुर्गेश साहू आदित्य दीक्षित अरूण त्रिवेदी शिवदत्त पांडेय प्रतीक त्रिवेदी कुलवंत सिंह शिवदयाल निर्मलकर वीणा मसीह धर्मेन्द्र देवांगन कान्हा गुप्ता श्याम यादव हरीश नामदेव प्रशांत अग्रहरी हासीम अली निखलेश गुप्ता बीएमओ श्वेता सिंह सहित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## साइकिल योजना से बालिका शिक्षा के प्रतिशत में हुई बढ़ोतरीः कौशिक



**बिलासपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरगिट्टी में निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत बालिकाओं को सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक धरम लाल कौशिक, विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी, प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडे, बिलासपुर कमिश्नर एवं समस्त क्षेत्रीय राजनेता उपस्थित थे। बिल्हा विधायक श्री कौशिक ने कहा की निशुल्क साइकिल योजना से बालिका शिक्षा के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हुई है।

शाला के प्राचार्य अजीत कुमार कुजूर की प्रार्थना शेड का निर्माण, चौराहा चौड़ीकरण, शाला को मुख्य मार्ग से जोड़ने पांच अतिरिक्त कमरे की मांग पर श्री कौशिक ने अतिशीघ्र मांग पूरा होने का आश्वासन दिया। महापौर पूजा विधानी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनके सपनों को ऊंची उड़ान देने के लिए यह योजना शुरू किया गया। स्कूल में जो भी समस्याएं हैं उन्हें यथा शीघ्र दूर की जाएगी। शाला प्रबंधन समिति एवं प्राचार्य की मांगों को बिलासपुर कमिश्नर के समक्ष रखा गया जिसके जल्द से जल्द निराकरण करने की बात कही गई। भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडे ने कहा कि एक बच्ची जब पड़ती है तो सिर्फ एक बच्ची नहीं पूरे परिवार को शिक्षित करती है। आज बालिका देश के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थान में देश के निर्माण में देश के विकास में अपना योगदान दे रही हैं। इस दौरान पौधरोपण एवं साइकिल शेड उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मनोज दुबे, पवन छाबड़ा, दिनेश कौशिक पवन साहू बलराम देवांगन एवं प्रतिनिधि, शाला विकास प्रबंधन अध्यक्ष गायत्री दुबे उपाध्यक्ष धनंजय नवरंग समेत समिति के समस्त सदस्य और शाला परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग व प्लाटून कमांडर परीक्षा में शामिल होंगे 1 हजार से अधिक अभ्यर्थी

**मुंगेली।** सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर प्रारंभिक परीक्षा–2024 का आयोजन 12 जुलाई को प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा।

जिले में परीक्षा के लिए पंडित ज्वाला प्रसाद मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, शासकीय एसएनजी महाविद्यालय रायपुर रोड, पीएम बी.आर. साव शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा में जिले के 1 हजार 96 अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं तथा प्रत्येक अभ्यर्थी की प्रवेश से पूर्व मेटल डिटेक्टर से अनिवार्य जांच (फ्रिस्किंग) की जाएगी। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने परीक्षा की सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, बैठने की समुचित व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्र को परीक्षा का नोडल अधिकारी




तथा प्राचार्य जय मंगल सिंह ध्रुव को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व मुख्य प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सभी अभ्यर्थियों को कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचने की सलाह दी गई है, ताकि पहचान सत्यापन, मेटल डिटेक्टर से जांच एवं अन्य औपचारिकताएं समय पर पूरी की जा सकें। अभ्यर्थी केवल अनलाइन प्रवेश पत्र, मूल पहचान पत्र, पारदर्शी बिना लेबल वाली पानी की बोतल, नीले अथवा काले बॉल पेन तथा आवश्यकता होने पर पासपोर्ट साइज फोटो ही साथ ला सकेंगे।

### जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आज से

**मुंगेली।** जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने तथा परिवार नियोजन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 11 से 18 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जिले भर में व्यापक जनजागरूकता एवं परिवार कल्याण संबंधी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इस अभियान का उद्देश्य गर्भधारण के उचित समय, दो गर्भधारण के बीच आवश्यक अंतराल तथा परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य संस्थानों एवं समुदाय स्तर पर परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

### भाजपा नेताओं ने किया धरमलाल व सवन्नी का सम्मान



**बिल्हा।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक एवं क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में नवनियुक्त एल्डरमैन, पार्षदों और गणमान्य नागरिकों द्वारा दोनों अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि सभी वार्डों के नागरिकों से सीधे मिलकर उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि नगर के चहुंमुखी विकास के लिए सभी को एकजुट होकर निरंतर और सतत प्रयासरत रहना होगा। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष वंदना जेंड्रे, वरिष्ठ नेता विष्णु बिंदल एवं सभापति मोहन ढोरीया उपस्थित रहे। इनके साथ ही नवमनोनित एल्डरमैन अभय अग्रवाल, संदीप सलूजा एवं विश्वासा मानिकपुरी का भी स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह में नगर पंचायत के सभी वार्डों के पार्षद, क्षेत्र के सम्मानित नागरिक सम्मिलित हुए।

### संजीवनी के पायलट व ईएमटी को दिए गए दिशा निर्देश



**मुंगेली।** जिले में संचालित 108 संजीवनी एक्सप्रेस के पायलट एवं ईएमटी को जिला अस्पताल परिसर में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर उपस्थित सभी पायलट को वाहन के दैनिक रखरखाव के साथ–साथ एम्बुलेंस संबंधित मानकों को ध्यान में रखकर वाहन चलाने के बारे में बताया गया।

ईएमटी अर्थात इमरजेंसी मेडिकल टेकनिशियन के द्वारा गाड़ी में उपलब्ध उपकरणों की जांच किया गया। आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं सहित अक्सीजन सिस्टम के बारे में विस्तार से निरीक्षण किया गया। जिले में कुल 7 संजीवनी वाहन संचालित है। जिसमे 5 बेसिक लाइफ सपोर्ट और 2 एडवांस लाइफ सपोर्ट है। शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरुप समस्त वाहन 24 घंटे आपातकालीन सेवा प्रदान कर रही है। आवश्यकता के अनुसार समय समय में उच्च स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों का परिवहन भी किया जाता है। बिलासपुर संभाग में एक नियोनेंटल लाइफ सपोर्ट वाहन भी संचालित है जिसे आवश्यकता के अनुसार मुंगेली जिले में भी सेवा प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर बिलासपुर संभाग के प्रोग्राम मैनेजर जीवन कौशिक सहित ईएमटी भुनेश्वरी, नवरंग, भगवती पात्रे, मोहन साहू, दिलेश यादव, ओमप्रकाश यादव, पायलट नारायण यादव, सुरेंद्र, देव सिंग पटेल, सोनू साहू, हितेश पांडेय उपस्थित रहे।

### बैगा ग्राम दानवखार में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर



**मुंगेली।** जिला क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन केंद्र द्वारा दूरस्थ बैगा ग्राम दानवखार में जनजागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य दूरस्थ एवं पहुंचविहीन क्षेत्रें में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना, टीबी एवं कुष्ठ रोग की समय पर पहचान सुनिश्चित करना तथा ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ड शीला साहा ने बताया कि शिविर में 60 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के दौरान 05 संदिग्ध टीबी मरीज, 03 बीपी, 05 शुगर, 08 कमजोरी, 06 खुजली, 04 दाद, 12 सर्दी–खांसी, 05 बुखार, 02 आंख संबंधी तथा 04 हाथ–पैर दर्द से पीड़ित सहित अन्य 06 मरीजों की पहचान की गई। संदिग्ध टीबी मरीजों के बलगम के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जाएंगे, ताकि समय पर उपचार शुरू किया जा सके। जिला क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डा. सुदेश रात्रे ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयों का वितरण किया तथा परामर्श दिया। शिविर में जिला कार्यक्रम समन्वयक अमिताभ तिवारी, डीपीपीएमसी अमित सिंह, सुपरवाइजर मणिराज पैकरा, आरएचओ संजू भास्कर एवं मितानीन शामिल रहे।

## पेंड्रा बाईपास को लेकर सड़क पर उतरे नागरिक

**पेंड्रा।** वर्षों से लंबित पेंड्रा बाईपास निर्माण की मांग अब जनआंदोलन में बदल गई है। जिला प्रेस क्लब के नेतृत्व में शुक्रवार से पेंड्रा के दुर्गा चौक पर अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल और जनआंदोलन की शुरुआत काली पट्टी बांधकर की गई। आंदोलन का उद्देश्य शासन-प्रशासन का ध्यान 13 किलोमीटर लंबे स्वीकृत पेंड्रा बाईपास के शीघ्र निर्माण की ओर आकर्षित करना है।

- काली पट्टी बांधकर क्रमिक भूख धरने पर बैठे पत्रकार




आंदोलन के पहले दिन पत्रकारों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान भी क्रमिक भूख हड़ताल में शामिल हुए और आंदोलन को अपना समर्थन दिया। इस दौरान आंदोलन स्थल से पोस्टकार्ड अभियान की भी शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से शासन तक जनभावनाएं पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। प्रथम दिन पेंड्रा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष इकबाल सिंह, स्थानीय नागरिक पूरन छाबरिया, डॉ भवानी प्रसाद जायसवाल, श्रीकांत चतुर्वेदी, पवन केशरवानी, आशीष केशरी, उदय सराफ, पारस चौधरी, सतीश श्रीवास भी उपस्थित रहे।

प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा पेंड्रा बाईपास का शिलान्यास किया गया था, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। इसका खामियाजा जिलेवासियों को भुगतना पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग से भारी वाहन शहर के बीचों-बीच से गुजरते है जिससे लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और आम नागरिकों की सुरक्षा खतरे में बनी हुई है। प्रेस क्लब ने जिले के सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक, व्यापारिक, किसान, कर्मचारी, महिला एवं युवा संगठनों सहित जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से इस जनहित के आंदोलन में सहभागी बनने की अपील की है। प्रेस क्लब का कहना है कि यह किसी एक संगठन का आंदोलन नहीं, बल्कि पेंड्रा की जनसुरक्षा, सुगम यातायात और क्षेत्र के समग्र विकास की लड़ाई है।



## खबर संक्षेप

### ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण सप्ताह 13 से

मुंगेली। जिले में किशोरियों को गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से 13 से 18 जुलाई तक ह्यूमन पैपिलोमा वायरस विशेष टीकाकरण सप्ताह आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त समन्वय से जिले के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों में यह विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. शीला साहा ने बताया कि इस अभियान के तहत ऐसी बालिकाओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा, जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन पूरा कर लिया है, लेकिन 15वां जन्मदिन अभी नहीं मनाया है। अभियान का उद्देश्य जिले की प्रत्येक पात्र बालिका तक टीकाकरण की सुविधा पहुंचाकर सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम सुनिश्चित करना है।

### पशु चिकित्सा विभाग ने किया निशुल्क टीकाकरण

मुंगेली। विश्व जूनोसिस दिवस पर पशु चिकित्सा विभाग मुंगेली द्वारा जिले की विभिन्न पशु चिकित्सा संस्थाओं में निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 27 देसी एवं विदेशी नस्ल के श्वानों का निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण किया गया तथा पशुपालकों को पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाली गंभीर बीमारियों से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले रेबीज, ब्रूसेलोसिस, साल्मोनेला, टीबी, एंथ्रेक्स सहित अन्य जूनोसिस रोगों के प्रति लोगों को जागरूक कर जनस्वास्थ्य को सुरक्षित बनाना था। विशेषज्ञों ने बताया कि इन बीमारियों की रोकथाम के लिए समय पर टीकाकरण, स्वच्छता और सुरक्षित पशुपालन सबसे प्रभावी उपाय हैं।

## निधन

### सुरेंद्र मोहन ढोडी



बिलासपुर। समता कॉलोनी निवासी सुरेंद्र मोहन ढोडी का 10 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 जुलाई को दोपहर 2 बजे दयालबंद मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे एकांश ढोडी के पिता थे।

## विधायक ने अधिवक्ता बैठक कक्ष का किया भूमिपूजन

# आमजन को त्वरित न्याय दिलाना अधिवक्ताओं का दायित्वः धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी



ग्राम परसदा के तहसील परिसर में 10 लाख की लागत से बनने वाले अधिवक्ता कक्ष निर्माण का भूमिपूजन मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह ने किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे आम लोगों की समस्याओं को कानून के दायरे में रहकर सरल बनाने का कार्य करते हैं। अधिवक्ताओं को बेहतर कार्यालयीन वातावरण उपलब्ध कराना आवश्यक है, जिससे वे आमजन को और अधिक प्रभावी ढंग से न्यायिक सहायता प्रदान कर सकें। क्षेत्र में अधोसंरचना विकास के साथ-साथ न्याय व्यवस्था से जुड़े संसाधनों को भी मजबूत किया जा रहा है। ये भवन का विकास नींव का पत्थर साबित होगा। जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष कौशिक ने कहा कि अधिवक्ताओं के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण की मांग लंबे समय से हो रही थी, विधायक धर्मजीत सिंह के प्रयासों से यह मांग अब पूरी हो रही है। इससे अधिवक्ताओं को बैठने, दस्तावेज तैयार करने तथा पक्षकारों से चर्चा करने के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष हरीश तिवारी ने कहा कि हमारी बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी होने जा रही है निश्चित ही इससे हम सभी अधिवक्ताओं में उत्साह है।कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार,उपाध्यक्ष राकेश तिवारी,भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विशाल विक्की सिंह,जिला पंचायत सभापति अंबिका साहू, जनपद सभापति अरुण सिंह चौहान,अनिल पप्पू शर्मा,रामचंद्र यादव,अशोक ठाकुर,नयनलाल साहू,मुन्ना साहू,उपसरपंच सुनील यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता रवि मेहर एवं आभार प्रदर्शन सरपंच जगत प्रसाद साहू ने किया। कार्यक्रम के दौरान कोटवार संघ के अध्यक्ष सुखसागर दास मानिकपुरी, गायत्री बाई द्वारा कोटवारों के लिए तहसील परिसर में सामुदायिक भवन बनाने की मांग विधायक धर्मजीत सिंह से की इसके लिए मंच से ही विधायक ने कोटवार सदन के लिए 10 लाख रूपये देने की घोषणा की।इस अवसर पर पूर्व उप सरपंच जागेश्वर यादव, कैलाश वस्त्रकार, मोहन पाटले, बलराम पटेल,दीपक रजक, संजय यादव, शिवकुमार लोनिया, संतोष यादव, मोहन साहू, परसोत कौशिक, अधिवक्ता जे आर निर्मलकर, मनहरण श्रीवास, अनिल कौशिक, शिवकुमार वस्त्रकार, पित्रेश श्रीवास, रमाकांत कौशिक, नरोत्तम विश्वकर्मा, मनबोध कौशिक, रामभरोस टोडे, अनामिका दुबे, सुरेन्द्र लहरें, अमित निर्मलकर, सुभाष कौशिक, सचिन्द्र मेहर, आदर्श यादव, अंकित वस्त्रकार, मानसी दुबे, कोटवार सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद ने मनाया 64वां स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

भारत विकास परिषद इकाई पेंड्रा ने परिषद का 64वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर परिषद के सदस्यों ने सेवा, संस्कार, सहयोग और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराते हुए समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भारत विकास परिषद पिछले 64 वर्षों से सेवा, समर्पण और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से कार्य कर रही है। परिषद द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया गया। साथ ही महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं में संस्कार निर्माण तथा पीड़ित एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा को परिषद की प्राथमिकता बताया गया। सदस्यों ने कहा कि भारत विकास परिषद का मूल मंत्र ₹संपर्क, सहयोग, संस्कार और सेवा₹ समाज को एक नई दिशा देने का माध्यम है। स्थापना दिवस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने विकसित, समृद्ध, समर्थ और श्रेष्ठ भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने तथा राष्ट्र सेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



# शिविर में 70 यूनिट रक्तदान, 45 लोगों ने कराई हीमोग्लोबिन की जांच

तखतपुर। सर्व मानव जागृत युवा सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान एवं यातायात जागरूकता शिविर में 70 यूनिट रक्तदान किया गया तथा 45 लोगों ने स्वास्थ्य जांच के माध्यम से अपने हीमोग्लोबिन की मात्रा की जांच कराई। समिति के सचिव मनोज कश्यप ने 28 बार, घनश्याम श्रीवास ने 33 बार, दुष्यंत साहू ने 18वें और आदि श्रीवास ने 22वें बार रक्तदान किया।

विधायक धरमजीत सिंह तथा विशिष्ट अतिथि रविंद्र कौर पूजा मक्कड़, ललिता संतोष कश्यप एवं माधवी वस्त्रकार ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। रक्तदाताओं को हेलमेट प्रदान कर यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया, जबकि युवाओं को ब्लूटूथ इयरफोन एवं पानी की बोतल देकर सम्मानित किया गया।धर्मजीत सिंह ने कहा कि रक्तदान से किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिलता है और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है।सर्व मानव जागृत युवा सेवा समिति के घनश्याम श्रीवास, मनोज कश्यप, आकाश यादव, संदीप यादव,कैलाश धुरी, ओम प्रकाश जायसवाल,रमेश साहू, रोशन नेताम,दुष्यंत साहू, शिवदास मानिकपुरी, देव यादव, नारायण पाली, चूड़ामणि, आकाश ठाकुर,दीनानाथ सोनी, राहुल, आनंद श्रीवास,मनोज जायसवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त एल्डरमैन ने ली पद की शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

नगर पालिका परिषद में नवनियुक्त एल्डरमैन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। अनुविभागीय अधिकारी नितिन तिवारी द्वारा नवनियुक्त एल्डरमैन किशन सचदेव, सुनील देवांगन, आरती शिवहरे, लक्ष्मी पांडेय एवं ज्ञान सिंह ठाकुर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने तखतपुर नगर विकास कार्यो के लिए 10 लाख रूपए देने की घोषणा की।

श्री सिंह ने कहा कि नगर के विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार तथा जनसमस्याओं के निराकरण में एल्डरमैनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि यह दायित्व केवल एक पद नहीं बल्कि जनता की अपेक्षाओं और विश्वास का प्रतीक है। विधायक श्री सिंह ने कहा कि तखतपुर नगर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने नव नियुक्त एल्डरमैनों से अपेक्षा की कि वे वार्डों एवं नगर की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाकर उनके समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएं। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने नवनियुक्त एल्डरमैनों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि प्रमोद ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन सीएमओं अमरेश सिंह ने किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, अनुपमा पाण्डेय, अजय देवांगन, कोमल सिंह ठाकुर, सुनील जांगड़े, इस्लाम अंसारी, जसप्रीत हूरा, कैलाश देवांगन, परमजीत लवली हूरा, अंजू देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, अंकित अग्रवाल, पूजा गुप्ता, प्रियंका आहुजा, अमित मंदानी, नैन लाल साहू, लता कश्यप, शिप्रा सामुएल, गुलजीत खुराना, लव पाण्डेय, सुमित सचदेव, चमन शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसडीओ ने किया स्कूल के जर्जर भवन का निरीक्षण

तखतपुर। जनपद सदस्य प्रतिनिधि महेश यादव ने शासकीय हाई स्कूल कोड़ापुरी के जर्जर भवन का निरीक्षण कराया। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के एसडीओ पी.के. सरकार ने तकनीकी जांच कर भवन को जर्जर एवं असुरक्षित पाया। सुरक्षा की दृष्टि से उसे तत्काल डिस्मेंटल करने की आवश्यकता बताई। इस दौरान नवीन विद्यालय भवन के निर्माण की मांग भी की गई।




महेश यादव ने बताया कि विद्यालय भवन लगभग 25 से 30 वर्ष पुराना है तथा उचित गुणवत्ता नियंत्रण के अभाव में इसकी स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। भवन में जगह-जगह दरारें, उखड़ता प्लास्टर एवं कमजोर संरचना विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है। उन्होंने शासन एवं प्रशासन से किसी भी अप्रिय घटना से पहले जर्जर भवन को तत्काल डिस्मेंटल कर आधुनिक सुविधाओं से युक्त नवीन विद्यालय भवन का निर्माण स्वीकृत कराने की मांग की। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के एसडीओ पी.के.सरकार, संबंधित विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एक ही जिले में दो जिला प्रेस क्लब

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

जिले में एक ही नाम से दो ₹जिला प्रेस क्लब₹ के संचालन का मामला सामने आने के बाद सहायक पंजीयक, फर्म एवं संस्थाएं, बिलासपुर ने बाद में पंजीकृत माधवराव सप्रे जिला प्रेस क्लब गौरेला पेंड्रा मरवाही को नोटिस जारी कर समिति के नाम में परिवर्तन कर संशोधन प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

**खास बात**
- पंजीकृत संस्था को सहायक पंजीयक का नोटिस, नाम परिवर्तन के निर्देश

सहायक पंजीयक कार्यालय द्वारा 17 अप्रैल 2026 को जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि संबंधित समिति का पंजीयन क्रमांक 122202635978 3 फरवरी 2026 है। विभाग ने स्पष्ट किया कि समिति के नाम में परिवर्तन का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ सार्वजनिक न्यास पंजीकरण अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के तहत निर्धारित अवधि में ऑनलाइन अपलोड किया जाए। पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि 45 दिनों के भीतर संशोधन प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया तो समिति के पंजीयन निरस्तीकरण की कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं समिति की होगी।

इस नोटिस के जवाब में माधवराव सप्रे जिला प्रेस क्लब गौरेला पेंड्रा मरवाही के अध्यक्ष ने 14 मई 2026 को सहायक पंजीयक को पत्र भेजकर तीन माह का अतिरिक्त समय देने का अनुरोध किया है।

---

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल के द्वारा मौजा कुदुदण्ड, प.ह.नं. 34, रा.नि.मं. सरकंडा, तहसील बिलासपुर, विकास खण्ड बिल्हा अन्तर्गत नगर पालिक निगम बिलासपुर वॉर्ड नं. 17 नेहरू नगर वॉर्ड (स्मार्ट रोड) तहसील एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ (स्मार्ट रोड नेहरू नगर में स्थित) जिसका खसरा नं. 376/102 रकबा 251 वर्गफीट / 23.327 वर्गमीटर हैं। उक्त संपत्ति श्री चंद्रकिशोर जायसवाल पिता श्री जे.पी. जायसवाल, निवासी गीताँजली विहार, नेहरू नगर, बिलासपुर, तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं। मेरे मुवक्किल के तरफ से अधिकृत होकर आम सूचना का प्रकाशन कर रहा हूँ कि उक्त संपत्ति को क्रय किया जा रहा हैं। इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी अपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी।

सो सूचना जानें।

शरद तिवारी
(अधिवक्ता)
तिवारी चेम्बर, सदर बाजार
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 9827186644, 7000131901

---

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना**

क्र./क/तह./रा.नि./सीमां/2026
बिलासपुर, दिनांक 07.07.2026

प्रति, 1. आवेदक श्री प्रपन्न मिश्रा आ. श्रीधर मिश्रा 2. मालती साहू 3. कल्पना शर्मा (सरकण्डा राधा कृष्ण मंदिर) 4. अन्य हितबद्ध पक्षकार चांटीडीह

विषयः सीमांकन के समय उपस्थित होने की सूचना बावत्।

संदर्भः न्यायालय/ अति. तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक/ रा.प्र.क्र.- /तह./ रीडर/2025, बिलासपुर, दिनांक 06.11.2025

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक प्रपन्न मिश्रा/ श्रीधर मिश्रा निवासी जूनी लाईन, सिम्स चौक द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम चांटीडीह प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं. 226/31 रकबा 3000 वर्गफीट भूमि का सीमांकन हेतु न्यायालय अति. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन न्यायालय अति. तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 17.07.2026 को सुबह/ दोपहर/ शाम समय 11.00 बजे से 5.00 बजे निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

टीपः- विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

आवेदक का मोबाइल नंबर
9907166600, 9039892944
राजस्व निरीक्षक
सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)

---

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-2 बिलासपुर

मामले की श्रेणीः राजस्व

सदर्भः जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00032 सरकंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202526400107900247

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00032 के अंतर्गत ग्राम सरकंडा के वर्तमान भूमिस्वामी रघुवीर प्रसाद गुप्ता पिता/पति-पिता हनुमान प्रसाद गुप्ता पता-सा. देह भू.स्वा. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 425/25 (0.0130) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संदीप गुप्ता पिता/ पति-स्व. रघुवीर प्रसाद गुप्ता पता-जोरा तालाब के पास, सरकंडा, रंजना गुप्ता पिता/पति-स्व. रघुवीर प्रसाद गुप्ता जोरापारा, जोरा तालाब के पास, सरकंडा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31/07/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-2 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/07/2026 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार
PRAKRITI DHRUW
बिलासपुर

---

### Public Notice

Date 10.07.2026

This is to inform general public that 1. Akil Patel S/o Hatim Bhai Patel R/o Rohani Vihar Phase-2, Ward No. 11, Bilaspur (C.G.). 2. Shahid Siddiqui S/o Mohammad Siddiqui R/o Rajkishore Nagar Lingiyadih Bilaspur (C.G.). is having ownership over the Non- Diverted property Land Khasra No. 670/6, Area 0.028 Hect., or 3120 Sq. Ft. Property Situated at Mauza- Tifra, P. H. No. 40, R.I.C. Sirgitti, Tahsil & District Bilaspur (C.G.)and 1. Akil Patel S/o Hatim Bhai Patel R/o Rohani Vihar Phase-2, Ward No. 11, Bilaspur (C.G.). 2. Shahid Siddiqui S/o Mohammad Siddiqui R/o Rajkishore Nagar Lingiyadih Bilaspur (C.G.). wants to avail loan facility from AU Small Finance Bank Ltd.

Akil Patel S/o Hatim Bhai Patel R/o Rohani Vihar Phase-2, Ward No. 11, Bilaspur (C.G.). 2. Shahid Siddiqui S/o Mohammad Siddiqui R/o Rajkishore Nagar Lingiyadih Bilaspur (C.G.). has purchased the property from 1. Salma Yasmin D/o M.D. Yasin, R/o Link Road Bilaspur 2. Jaibunnisha Khan W/o Saleem Khan R/o H.No. 06, Goal Bazar, Khaparganj Bilaspur (C.G.).

1. Salma Yasmin D/o M.D. Yasin, R/o Link Road Bilaspur 2. Jaibunnisha Khan W/o Saleem Khan R/o H.No. 06, Goal Bazar, Khaparganj Bilaspur (C.G.) has received the aforesaid Property from Seller N. Arjunan (HUF) S/o Narayan

N. Arjunan (HUF) S/o Narayan has purchased property from Sardar Amarjeet Singh S/o Sardar Kasturi Singh Through theRegistered sale Deed. Sale Deed registered in the office of Sub-Registrar Bilaspur. Vide book no. A-1, Volume No. 7980, at Pages No. 29 to 30, Document No. 6551, dated 24/02/1994.

As previous sale deed dtd. 24/02/1994 Document No. 6551 has been lost.

This is the general public notice regarding loss of previous deed if any bank, financial institution, and other person have objection they can place there objection within 7 days from the newspaper publication afterwards all objection will be null and void.

Regards
Advocate D.K.Bajaj
7024053415

---

### Public Notice

Date 10.07.2026

This is to inform general public that 1. Akil Patel S/o Hatim Bhai Patel R/o Rohani Vihar Phase-2, Ward No. 11, Bilaspur (C.G.). 2. Shahid Siddiqui S/o Mohammad Siddiqui R/o Rajkishore Nagar Lingiyadih Bilaspur (C.G.). is having ownership over the Residential Property Plot No. 496, Diversion Sheet No. 30, Area 0.0240 Hect., or 2616 Sq. Ft., Diverted Land Khasra No. 670/3, Property Situated at Mauza- Tifra, P. H. No. 40, R.I.C. Sirgitti, Tahsil & District Bilaspur (C.G.)and 1 Akil Patel S/o Hatim Bhai Patel R/o Rohani Vihar Phase-2, Ward No. 11, Bilaspur (C.G.). 2. Shahid Siddiqui S/o Mohammad Siddiqui R/o Rajkishore Nagar Lingiyadih Bilaspur (C.G.). wants to avail loan facility from AU Small Finance Bank Ltd.

Akil Patel S/o Hatim Bhai Patel R/o Rohani Vihar Phase-2, Ward No. 11, Bilaspur (C.G.). 2. Shahid Siddiqui S/o Mohammad Siddiqui R/o Rajkishore Nagar Lingiyadih Bilaspur (C.G.). has purchased the property from Mohammad Jaliluddin (M. Jalil Uddin) S/o S. Khaliluddin R/o Magarpara Bilaspur (C.G.).

Mohammad Jaliluddin (M. Jalil Uddin) S/o S. Khaliluddin R/o Magarpara Bilaspur (C.G.).has received the aforesaid Property from Seller Balram Jaiswal S/o Vishvanath Jaiswal Through registered Sale Deed. Vide book no. A-1, Volume No. 27410, at Pages No. 21 to 31, Document No. 3265, dated 14/12/2015.

Balram Jaiswal S/o Vishvanath Jaiswal has received the aforesaid Property from Seller Amarjeet Singh S/o Kasturi Singh Through the Registered sale Deed.. Vide book no. A-1, Volume No. 2252, at Pages No. 94 to 98, Document No. 14002, dated 20/09/2007.

As previous sale deed dtd. 20/09/2007 and, dated 14/12/2015 has been lost

This is the general public notice regarding loss of previous deed if any bank, financial institution, and other person have objection they can place there objection within 7 days from the newspaper publication afterwards all objection will be null and void

Regards
Advocate D.K.Bajaj
7024053415

---

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सरकण्डा तहसील व जिला-बिलासपुर (छ0ग0)

**सूचना**

क्र./Q/ तह./रा.नि./ टीम सीमा./2026
सरकण्डा, दिनांक 10/07/2026

प्रति, 1. आवेदक विजय कुमार अग्रवाल पिता आर.एस. अग्रवाल 2. सुरेश मिश्रा पिता पी.डी. मिश्रा 3. अनुरागनी टाईटस पति ओरेमस हर्षले टाईटस 4. अखिलेश राज सोना पिता आई आर सोना 5. नरेशस्वामी पिता वेंकटस्वामी 6. भावेश भारद्वाज पिता अरूण भारद्वाज 7. मिनी जॉर्ज पति जॉर्ज मैथ्यू 8. शिवकली बाई पति स्व. गिरधारीलाल 9. राजकुमारी यादव पिता गणेश प्रसाद यादव 10. कुंती यादव पिता बंशीलाल यादव 11. रीना देवी पति दुर्गेश गुप्ता 12. संत कुमार धूरी पिता स्व. तिलकराम धुरी 13. अन्य संबंधित हितबद्ध पक्षकार मंगला 14. सरस्वती बाई साहू पति कार्तिक रफ साहू

विषयः- सीमांकन के समय उपस्थित होने बावत।

संदर्भः- कार्यालय कलेक्टर (भू-अभिलेख शाखा) बिलासपुर (छ.ग.) का सीमांकन आदेश क्रमांक/121/भू.अ./रा.नि.का. / 2026 बिलासपुर, दिनांक 29/05/2026

विषयांतर्गत आवेदक विजय कुमार अग्रवाल पिता आर.एस. अग्रवाल द्वारा ग्राम मंगला स्थित भूमि खसरा नंबर 314/2-315/2 में से रकबा 0.64 एकड़ भूमि को विक्रेता सुरेश मिश्रा से क्रय कर टुकड़ों में विक्रय किया गया है। खसरा नंबर 314 एवं 315 के संपूर्ण रकबा की जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर श्री खेलेन्द्र यादव अधीक्षक भू-अभिलेख बिलासपुर एवं अतिरिक्त तहसीलदार श्रीमती प्रकृति ध्रुव के नेतृत्व में गठित टीम के सदस्यों द्वारा प्रश्नाधीन भूमि की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट अतिरिक्त कलेक्टर बिलासपुर के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है। उक्त के संबंध में संदर्भित पत्र के परिपालन में श्री खेलेन्द्र यादव अधीक्षक भू-अभिलेख बिलासपुर एवं अतिरिक्त तहसीलदार श्रीमती प्रकृति धुन्द्र के निर्देशानुसार दिनांक 15/07/2026 को समय सुबह... बजे से उपरोक्त जांच/सीमांकन, गठित टीम द्वारा किया जाएगा। जिसमें आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में अपने भूमि संबंधी दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहे अनुपस्थित होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपुर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

टीपः- विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

राजस्व निरीक्षक सरकंडा
तहसील बिलासपुर (छ.ग.)

---

### न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 08/07/2026

ग्राम लिंगियाडीह के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर के पत्र क्र. 2430/एफ-4/सात-/ 2020 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 13.08.20 के अनुसार आपस में संलग्न खसरा नम्बर की भूमि के साथ नक्शा को सम्मिलित किये जाने हेतु आवेदक एम.एस. बिल्डाकॉन द्वारा भागीदार महेश दुहलानी पिता शंकर लाल दुहलानी निवासी वार्ड नं. 19 दुहलानी रेसीडेंस अयोध्या नगर रिंग रोड नं. 02 बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर की स्वयं की भूमि मौजा लिंगियाडीह प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 195/7 (शा.न. 164/3, 217/2, 159/22, 159/23, 159/24 रकबा क्रमशः 0.2700, 0.2630, 0.2830, 0.2630 हे. भूमि सभी को एकीकृत करने हेतु आवेदन पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा सहित प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 24/07/26 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉक 08/07/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

---

### न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क. //2025-26
ग्राम-उसलापुर, तहसील - सकरी,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती चन्द्रप्रभा ध्रुव 37 पति श्री बलराम सिंह ध्रुव (पुत्री श्री द्वारिका सिंह) जाती गोंड (अ.ज.जा.) निवासी जिला बिलासपुर द्वारा हक की भूमि मौजा ग्राम उसलापुर, प.ह.नं 60 में 308/2 में से 0.0428 हे रकचा 2200 व.फु. खरीदी किया गया था। उक्त रकबा में जमीन न होने के कारण पुनः सुधार कर रकबा 308/3 किया गया दिनांक 25/06/2026 को पंजीयन कार्यालय तखतपुर में किया गया। आवेदिका द्वारा 308/3 में से 0.0428 हे. रकबा 2200 व.फू. नामांतरण किए जाने आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनाक 20.07.26 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 06.07.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

---

### न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

**समंस**

क्रमांक/क/ना.तह / वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 26/06/2026

एतद् द्वारा कुमारी स्वेता विज पिता इन्द्रजीत विज निवासी ग्राम पी 37 क्रांतिनगर, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि ग्राम लिंगियाडीह राजीव विहार प.ह.नं. 31 तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 15/666 शीट नंबर 07 प्लाट नंबर 114 में से रकबा 1440 वर्गफुट भूमि धारा 115 भूरा.सं. अंतर्गत अभिलेख दुरूस्त कर नाम दर्ज करने के लिए श्री देव नारायण दत्ता पिता स्व. रंजित कुमार दत्ता, निवासी वार्ड नंबर 19, शिव चौक सलखन जांजगीर चांपा छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 13.07.2026 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 13.07.2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर मय दस्तावेज जवाब पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात दस्तावेज एवं जवाब स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

आज दिनांक 26.06.2026 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

---

### आम सूचना

मैं, कमल नारायण शर्मा, निवासी ग्राम कंतेली, तहसील एवं जिला मुंगेली (छत्तीसगढ़), आमजन एवं संबंधित पक्षों को सूचित करना चाहता हूँ कि मेरे द्वारा जनपद पंचायत मुंगेली में विधिवत बोली प्रक्रिया के माध्यम से ग्राम कंतेली स्थित लगभग 32 एकड़ भूमि लीज पर प्राप्त की गई थी। उक्त भूमि के संबंध में मैंने रू. 8,05,000/- (आठ लाख पाँच हजार रुपये) की राशि जमा की है। उक्त भूमि का लीज आज भी मेरे नाम प्रभावी है तथा भूमि पर मेरा विधिसम्मत कब्जा भी कायम है।

मुझे जानकारी प्राप्त हुई है कि जनपद पंचायत मुंगेली द्वारा उक्त भूमि की पुनः नीलामी की प्रक्रिया की जा रही है। इस संबंध में मैं स्पष्ट करना चाहता हूँ कि यदि कोई व्यक्ति उक्त भूमि की नीलामी / लीज प्रक्रिया में भाग लेता है अथवा लीज प्राप्त करता है, तो वह यह समझते हुए भाग ले कि उक्त भूमि से संबंधित समस्त वैधानिक एवं न्यायालयीन विवादों तथा संभावित परिणामों के लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा। यह प्रेस विज्ञप्ति आमजन के हित एवं आवश्यक सूचना के उद्देश्य से जारी की जा रही है।

जारीकर्ताः
कमल नारायण शर्मा
ग्राम कंतेली, तहसील मुंगेली,
जिला मुंगेली (छत्तीसगढ़)
Mo. 8602893115

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 11 जुलाई 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

# योगिनी एकादशी पर खाटू श्याम का भव्य श्रृंगार, व्रतियों ने किया पूजन



**आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की पवित्र योगिनी एकादशी शुक्रवार को मनाई गई, इस अवसर पर सुबह से ही महिलाओं ने व्रत रख भगवान की आराधना की, घोघा बाबा स्थित खाटू श्याम का भव्य विभिन्न फूलों से श्रृंगार कर महाआरती की गई। सुबह से ही मंदिर में खाटू श्याम को गुलाब फूल व मोर पंख को अर्पित करने बड़ी संख्या में श्रध्दालु पहुंचे। संध्या आरती पश्चात भगवान के भजनों से भक्तों ने समा बांधा देर रात तक मंदिर परिसर में भजन चलते रहा।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंचांग के अनुसार एकादशी तिथि 10 जुलाई को सुबह 8:16 बजे प्रारंभ हुई और 11 जुलाई को सुबह 5 बजे तर रही। उदया तिथि के आधार पर गृहस्थजन 10 जुलाई को ही योगिनी एकादशी का व्रत रखेंगे। व्रती अगले दिन द्वादशी तिथि में विधिपूर्वक पारण करेंगे। एकादशी पर शहर के खाटू श्याम मंदिर में विशेष श्रृंगार कर भजन-कीर्तन हुआ। बतादें की धर्मग्रंथों में योगिनी एकादशी को अत्यंत पुण्यदायी बताया गया है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार इस व्रत के प्रभाव से व्यक्ति के ज्ञात-अज्ञात पाप, दोष और बुरे कर्म नष्ट हो जाते हैं। शास्त्रों में यह भी वर्णित है कि योगिनी एकादशी का व्रत करने से 88 हजार ब्राह्मणों को भोजन कराने के समान पुण्यफल प्राप्त होता है। मान्यता है कि इस व्रत से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन में आने वाले अनेक कष्ट दूर होते हैं।



## विधि-विधान से हुई पूजा

पंडित ने बताया कि प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर भगवान विष्णु का पंचामृत से अभिषेक किया गया। इसके बाद पीले पुष्प, तुलसी दल, धूप, दीप, नैवेद्य और मौसमी फलों से श्रीहरि का पूजन हुआ, रात्रि में भजन-कीर्तन भी हुआ । धार्मिक विद्वानों का कहना है कि योगिनी एकादशी केवल उपवास का पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, संयम और सेवा का संदेश भी देती है।

## कल महिलाएं रखेगी प्रदोष व्रत

कृष्ण पक्ष हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत का बहुत खास महत्व माना जाता है, हर महीने में दो बार प्रदोष व्रत आता है। हर महीने में कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को रखा जाता है। यह व्रत भगवान भोलेनाथ को समर्पित होता है। धार्मिक मान्यता है कि जो भक्त सच्चे मन से प्रदोष व्रत रखते हैं और प्रदोष काल में भगवान शिव की पूजा करते हैं, उनके जीवन की परेशानिया धीरे-धीरे दूर होने लगती है। साथ ही घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है. हिन्दू कैलेंडर के अनुसार, जुलाई में रवि प्रदोष व्रत यानी त्रयोदशी तिथि 12 जुलाई को पड़ रहा है. इस दिन रोहिणी नक्षत्र और रविवार का शुभ संयोग होने के कारण इसे रोहिणी प्रदोष और रवि प्रदोष व्रत माना जाता है।

---

एडमिशन अलर्ट

## कृषि विवि में बी-टेक पाठ्यक्रमों पर ऑनलाइन आवेदन 20 तक

**बिलासपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीटेक कृषि अभियांत्रिकी एवं बीटेक खाद्य प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। प्रवेश प्रक्रिया पीईटी, जेईई मेन्स तथा 12वीं गणित समूह की प्रावीण्य सूची के आधार पर विश्वविद्यालय के प्रवेश नियम-2026 के अनुसार संपन्न की जाएगी।




ऑनलाइन काउंसिलिंग में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीयन 10 जुलाई से 20 जुलाई रात्रि 11 बजे तक उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थियों को निर्धारित अवधि में ऑनलाइन पंजीयन कर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा। ऑनलाइन पंजीकृत अभ्यर्थियों की प्रावीण्य सूची 23 जुलाई को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। इसके उपरांत निर्धारित कार्यक्रमानुसार 24 जुलाई से 30 जुलाई तक विभिन्न चरणों में पीईटी, जेईई मेन्स तथा 12वीं गणित समूह के आधार पर सीट आवंटन, दस्तावेज सत्यापन एवं प्रवेश की कार्यवाही संपन्न की जाएगी। प्रवेश विज्ञापन, ऑनलाइन काउंसिलिंग समय-सारणी, ऑनलाइन पंजीयन दिशा-निर्देश, ऑनलाइन काउंसिलिंग दिशा-निर्देश, सीटों का विवरण एवं अन्य आवश्यक जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन करने से पूर्व सभी दिशा-निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें।

एजुकेशन

## सितंबर व नवंबर परीक्षा के लिए सीए के रजिस्ट्रेशन शुरू, 19 तक आवदेन

**बिलासपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने सितंबर-नवंबर 2026 की चार्टर्ड अकाउंटेंसी परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीए फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षा के लिए सीए सेल्फ सर्विस पोर्टल के माध्यम से अपने परीक्षा फॉर्म जमा कर सकते हैं।




जो भी कैंडिडेट्स इन परीक्षाओं के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो वे यहां सीए परीक्षा का पूरा शेड्यूल, आवेदन की तिथियां और रजिस्ट्रेशन फॉर्म के बारे में विस्तार से जानकारी कर लें और आवेदन करने के स्टेप्स भी देख लें। ऑफिशियल शेड्यूल के अनुसार, आवेदन प्रक्रिया 6 जुलाई को शुरू हो गई है। उम्मीदवार बिना लेट फीस के 19 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। लेट फीस के साथ आवेदन 22 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। आईसीएआई ने 23 से 25 जुलाई तक आवेदन में सुधार के लिए एक विंडो भी खोलेगा। इस दौरान उम्मीदवार अपने परीक्षा शहर, परीक्षा के माध्यम और अन्य डिटेल्स में बदलाव कर सकते हैं। संस्थान ने यह भी बताया है कि परीक्षा फॉर्म केवल ऑनलाइन मोड से ही लिए जाएंगे।

वेकैंसी

## आरआरबी की मिनिस्ट्रियल और आइसोलेटेड परीक्षा 14 व 15 को

**बिलासपुर।** रेलवे भर्ती बोर्ड ने मिनिस्ट्रियल और आइसोलेटेड कैटेगरी के तहत होने वाली भर्ती परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। जो उम्मीदवार परीक्षा में शामिल होने के लिए एडमिट कार्ड का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। वे आरआरबी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन नंबर, पासवर्ड और कैप्चा कोड को दर्ज करना होगा।





आरआरबी मिनिस्ट्रियल और आइसोलेटेड कैटेगरी परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। लिखित परीक्षा का आयोजन 14 और 15 जुलाई को किया जाएगा। लिखित परीक्षा में उम्मीदवारों से 100 अंकों के 100 बहुविकल्पीय प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा में प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक-तिहाई अंक की नेगेटिव मार्किंग की जाएगी। परीक्षा में चयनित किए गए उम्मीदवारों को अगले चरण के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

हेल्थ लाइव

## आपकी नजर भी हो गई है धुंधली तो तुरंत करें ये काम

**बिलासपुर।** डायबिटीज केवल रेटिना ही नहीं, बल्कि मोतियाबिंद और ग्लूकोमा जैसी आंखों की बीमारियों का खतरा भी बढ़ा देती है। अच्छी बात यह है कि समय पर ब्लड शुगर नियंत्रण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर इन जटिलताओं के जोखिम को काफी कम किया जा सकता है। डायबिटीज तेजी से बढ़ता हुआ एक वैश्विक स्वास्थ्य संकट है। रिपोर्ट से पता चलता है दुनियाभर में 20-79 साल की उम्र के 589 मिलियन (58.9 करोड़) से ज्यादा वयस्क इस बीमारी से जूझ रहे हैं।



जिस तेजी के साथ डायबिटीज के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है ऐसे में आशंका है कि साल 2050 तक इनकी संख्या 853 मिलियन (85 करोड़ से ज्यादा) हो सकती है।डायबिटीज को अक्सर लोग सिर्फ शुगर बढ़ने की बीमारी मान लेते हैं, लेकिन जोखिम इससे कहीं ज्यादा गंभीर है। लंबे समय तक अनियंत्रित ब्लड शुगर शरीर की छोटी-छोटी रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाती है और इसका सबसे खतरनाक असर आंखों पर पड़ता है। यही कारण है कि दुनिया भर में अंधेपन के प्रमुख कारणों में डायबिटिक रेटिनोपैथी भी शामिल है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों का ब्लड शुगर अक्सर बढ़ा रहता है उनमें किडनी, हार्ट की समस्याओं का खतरा भी अधिक होता है।

---

## बुके नहीं, बुक भेंट करें अभियान का शुभारंभ

### कलेक्टर व एसएसपी ने किया पोस्टर का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षा को बढ़ावा देने और जरूरतमंद बच्चों के भविष्य को संवारने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायी सामाजिक अभियान बुके नहीं, बुक भेंट करें का शुभारंभ शुक्रवार को जिला कलेक्टोरेट परिसर में किया गया।

अभियान के पोस्टर का विमोचन माननीय कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर आर्यन फिल्म के संचालक रामानंद तिवारी, उनकी टीम की सदस्य ऋतु साहू, तथा संदीप गुप्ता सहित अभियान से जुड़े अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अभिनव अभियान के माध्यम से नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी अतिथि, अधिकारी, शिक्षक अथवा सम्मानित व्यक्ति को फूलों के बुके के स्थान पर पुस्तकें, कॉपियाँ, पेन, पेंसिल एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री भेंट करें। माह भर में एकत्रित की गई समस्त अध्ययन सामग्री का वितरण शहर की झुग्गी बस्तियों एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के बीच किया जाएगा।

इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता। यदि समाज इस पहल को अपनाता है, तो अनेक बच्चों को पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा सकेगी और वे अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, उद्योगों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का आग्रह किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन छोटी-छोटी पहलों से ही शुरू होते हैं। यदि सम्मान स्वरूप फूलों की जगह शिक्षा का उपहार दिया जाए, तो उसका लाभ सीधे उन बच्चों तक पहुंचेगा जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

## प्रकृति के विविध स्वरूपों से सीख रहें फोटोग्राफी

**बिलासपुर।** स्मार्टफोन आने के बाद से वैसे तो हर कोई जब चाहे फोटोग्राफी कर लेता है, लेकिन एडवांस कैमरे से फोटोग्राफी करना कुछ लोगों का पैशन होता है। ऐसे लोगों की थीम व सब्जेक्ट बेस्ड फोटोग्राफी उनका शौक होती है। अपने इसी शौक को पैशन से प्रोफेशन में बदलने के लिए युवा आउटडोर फोटोग्राफी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। वे प्रोफेशनल फोटोग्राफरों की ट्रेनिंग लेकर प्रकृति के अलग-अलग स्वरूपों की तस्वीरें कैमरे में उतार रहे हैं।

आउटडोर फोटोग्रॉफी में खासकर नेचर फोटोग्राफी युवाओं को प्रकृति के और करीब लाने का एक शानदार तरीका है। इससे न केवल उनकी रचनात्मकता बढ़ती है, बल्कि वे प्रकृति के प्रति प्रेम और सम्मान भी सीखते हैं।



वहीं, आउटडोर फोटोग्राफी युवाओं को घर से बाहर निकलने और प्रकृति का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसी बहाने वे विभिन्न प्रकार के पौधों, जानवरों और परिदृश्यों को करीब से देख पाते हैं। आउटडोर फोटोग्राफी एक रचनात्मक गतिविधि है, जो युवाओं को अपनी कलात्मकता दिखाने का अवसर देती है। वे विभिन्न कोणों, प्रकाश व्यवस्था और रचनाओं के साथ प्रयोग कर पाते हैं। वे विवरणों पर ध्यान देना सीखते हैं, जैसे कि पौधों की बनावट, पक्षियों की चहचहाहट या सूर्यास्त का रंग। प्रकृति में समय बिताना और फोटोग्राफी करना मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है।

## महिलाओं का स्वास्थ्यः रोकथाम ही सबसे अच्छा उपचार : डॉ. रश्मि

**बिलासपुर।** आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में महिलाएँ अपने परिवार की देखभाल में इतनी व्यस्त हो जाती हैं कि अपने स्वास्थ्य को अक्सर नज़रअंदाज़ कर देती हैं। जबकि एक स्वस्थ महिला ही स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज की आधारशिला होती है। इसलिए बीमारियों के होने का इंतज़ार करने के बजाय, उन्हें रोकने के लिए समय रहते कदम उठाना बहुत आवश्यक है।



हेल्थ लाइव

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. रश्मि शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन कम से कम 30-45 मिनट तक तेज़ चलना, योग, साइकिलिंग या कोई भी शारीरिक गतिविधि करें। नियमित व्यायाम से मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और तनाव जैसी समस्याओं का खतरा कम होता है महिलाओं के भोजन में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, हरी सब्जियाँ, फल, साबुत अनाज, दूध एवं दुग्ध उत्पाद शामिल होने चाहिए। अधिक तेल, चीनी, जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड से बचें। पर्याप्त पानी पीना भी अत्यंत आवश्यक है। नियमित स्वास्थ्य जाँच कराएँ, रक्तचाप और शुगर की जाँच, थायरॉयड की जाँच, एनीमिया की जाँच, हड्डियों की जाँच, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से कई बीमारियों का प्रारंभिक अवस्था में ही पता चल जाता है। कैंसर की रोकथाम पर विशेष ध्यान दें। महिलाओं में स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर सबसे सामान्य कैंसरों में से हैं। 40 वर्ष की आयु के बाद नियमित मैमोग्राफी कराएँ। 25 वर्ष की आयु के बाद समय-समय पर पैप स्मीयर या एचपीवी टेस्ट कराएँ। किसी भी असामान्य रक्तस्राव या स्तन में गाँठ को नज़रअंदाज़ न करें। एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम का एक प्रभावी उपाय है। यह वैक्सीन 9 से 26 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, आवश्यकता अनुसार अधिक आयु की महिलाओं में भी दी जा सकती है। यह टीका भविष्य में कैंसर के जोखिम को काफी हद तक कम करता है। पर्याप्त नींद लें, तनाव कम करें, अपने लिए समय निकालें और परिवार तथा मित्रों के साथ सकारात्मक समय बिताएँ। मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है।

---

कार्नर न्यूज

# शिक्षा संस्थान किसी भी समाज के विकास के आधार स्तंभ

**शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में शुक्रवार को 82वाँ स्थापना दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया। पूर्व में एसबीआर कॉलेज के नाम से विख्यात इस प्रतिष्ठित महाविद्यालय ने शिक्षा, खेल, शोध तथा सामाजिक दायित्वों के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित करते हुए अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न विकास एवं अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष दीपक सिंह तथा जनभागीदारी अध्यक्ष संजय पाण्डेय उपस्थिति रहें।



इस अवसर पर महाविद्यालय के नवीन प्रवेश द्वार, स्मार्ट रूम सह ऑडिटोरियम, नवीन लेक्चर कक्ष, कंप्यूटर लैब-1 एवं कंप्यूटर लैब-2 के नवीनीकरण, तथा ऑडिटोरियम के आधुनिकीकरण एवं नवीनीकरण का लोकार्पण किया गया। इन सुविधाओं के विकसित होने से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण वातावरण उपलब्ध होगा तथा महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा संस्थान किसी भी समाज के विकास के आधार स्तंभ होते हैं। उन्होंने महाविद्यालय की निरंतर प्रगति, आधुनिक अधोसंरचना के विकास तथा विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएल निराला ने उपलब्धियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस अवधि में महाविद्यालय ने शैक्षणिक गुणवत्ता, अधोसंरचना विकास, डिजिटल सेवाओं, खेल, शोध एवं छात्र हितों के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में महाविद्यालय के 20 विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर संस्था का गौरव बढ़ाया है। समारोह में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, जनभागीदारी समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, पूर्व छात्र, कर्मचारी, बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### शोध पत्र एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित किए गए

विगत तीन वर्षों में 50 से अधिक राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय सेमिनार, कार्यशालाएँ एवं अकादमिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवधि में महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा अनेक शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित किए गए, जिससे संस्था की शैक्षणिक प्रतिष्ठा में निरंतर वृद्धि हुई है। विद्यार्थियों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी महाविद्यालय ने महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। सत्र 2025-26 में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा महाविद्यालय की 15 छात्राओं को प्रतिवर्ष 30 हजार की दर से तीन वर्षों के लिए कुल 90 हजार प्रति छात्रा की छात्रवृत्ति स्वीकृत हुई है। इसी प्रकार एलआईसी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 8 विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष 20 हजार की दर से तीन वर्षों के लिए कुल 60 हजार प्रति विद्यार्थी की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा जारी रखने में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

## खबर संक्षेप

### साइबर ठगों ने शिक्षिका से की 75 हजार की ठगी



**बिलासपुर।** साइबर ठगों ने डरा धमका कर अल्का एवेन्यू निवासी शिक्षिका से 76 हजार से अधिक की राशि की ठगी को अंजाम दिया है। शिक्षिका घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार श्रीमती पारूल पाण्डेय पति श्री नितेश पाण्डेय उम्र 42 वर्ष निवासी अल्का एवेन्यू में रहती है। उन्होंने बताया कि अज्ञात फोन नंबर से उनके मोबाइल नंबर पर कॉल आया था। ठगों ने उन्हें अपराध में फंसाने का झांसा दिया और कई किश्तों में 76500 रूपए अपने फोन पे एप्प में डलवा लिया है। साइबर ठगों ने शिक्षिका की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का झांसा दिया था, लोक लाज के डर से शिक्षिता ने 5 बार में ठगों के दिए मोबाइल नंबर पर भुगतान किया है। सिविल लाइन पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चाकू दिखाकर धमकाने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**बिलासपुर।** सीपत क्षेत्र में चाकू दिखा कर हर आने जाने वाले को धमकाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भे दिया है। पुलिस के अनुसार रामकुमार बिजौरे ने थाना सीपत में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बीती रात ग्राम भिलमी लौटने के दौरान उसे और उसकी मां को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ में रखे चाकू को दिखा कर सीधे गले में अड़ा दिया गया है। जिससे प्रार्थी के गला एवं गदेली में चोंट खरोच आई है। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी शेख जानू की पतासाजी की और हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। पुलिस ने मामले में मचखंडा निवासी शेख जानू पिता स्व शेख रमजान खान उम्र 25 साल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### शालीमार-एलटीटी में अतिरिक्त एसी थ्री कोच

**बिलासपुर।** शालीमार से एलटीटी के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में एसी थ्री कोच की अतिरिक्त सुविधा प्रदान की गई है। रेल प्रशासन के अनुसार यात्रियों को बेहतर सफर की सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध काने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 18030/18029 शालीमार-एलटीटी और एलटीटी से शालीमार के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी थ्री की सुविधा अस्थायी रूप से दी जा रही है। यह सुविधा 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में 11 से 17 जुलाई तक और 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में 13 से 19 जुलाई तक रहेगी।

### स्थायी रूप से लगाया गया हसदेव में एसी कोच

**बिलासपुर।** रायपुर से कोरबा के बीच चल रही हसदेव एक्सप्रेस में एक एसी थ्री कोच स्थायी रूप से लगाया गया है। गाड़ी संख्या 18251/18252 और 18249/18250 रायपुर से कोरबा और कोरबा से रायपुर के बीच अलग-अलग नम्बर से चल रही हसदेव एक्सप्रेस में एक एसी थ्री कोच की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा रायपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18251 रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस में 12 जुलाई से और कोरबा से चलने वाली 18252 कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में 13 जुलाई से होगी। इसके अलावा रायपुर से चलने वाली 18249 रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस में 15 जुलाई से और कोरबा से चलने वाली 18250 कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में 16 जुलाई से मिलेगी।


**किताबों और प्रतियोगी परीक्षा के पैटर्न के साथ तालमेल कठिन**

**विरोध में विभिन्न मांगों को लेकर 15 जुलाई से करेंगे शिक्षक आंदोलन**

# 80 हजार शिक्षकों की 'परीक्षा', कई तो 50 की उम्र कर चुके पार, अब नौकरी पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के पांच हजार सहित प्रदेशभर के 80 हजार से अधिक प्राथमिक और मिडिल स्कूल शिक्षकों के सामने अब शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करने की चुनौती है।




3 सितंबर 2001 से 23 अगस्त 2010 के बीच नियुक्त शिक्षकों को 31 अगस्त 2028 तक टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। यदि वे इस समय सीमा के भीतर परीक्षा पास नहीं करते हैं, तो उनकी नौकरी पर संकट आ सकता है। चिंता का विषय यह है कि इनमें से अधिकांश शिक्षक 50 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं, और कई वर्ष के भी हैं। ऐसे में लंबे समय बाद प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करना उनके लिए कठिन हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही स्पष्ट किया है कि 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट नहीं मिलेगी। पुनर्विचार याचिका भी खारिज हो चुकी है, लेकिन अदालत ने टीईटी उत्तीर्ण करने की अंतिम तिथि को 31 अगस्त 2027 से बढ़ाकर 31 अगस्त 2028 कर दिया है। शिक्षा विभाग के मुताबिक प्रदेश में कुल 80,491 शिक्षक इस दायरे में आते हैं। इस बीच, इंटरनेट मीडिया पर टीईटी से छूट मिलने के दावे तेजी से फैल रहे हैं, जिन्हें शिक्षक संगठनों ने भ्रामक बताया है। उनका कहना है कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एनसीटीई) के हलफनामे का गलत अर्थ निकाला जा रहा है, जबकि न्यायालय का आदेश स्पष्ट है। टीईटी देने वाले शिक्षकों की सर्वाधिक संख्या कोंडागांव में 5,334 है, जबकि सबसे कम 245 शिक्षक मुंगेली जिले में हैं।

### उच्च स्तर के प्रश्नों ने उड़ाई नींद

शिक्षक संगठनों का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था व्यवहारिक नहीं है। टीईटी नियमित अंतराल पर आयोजित नहीं होती और कई बार दो-दो साल तक परीक्षा नहीं होती। प्रश्नों का स्तर कई बार पीएससी जैसा होने से शिक्षकों को भी कठिनाई होती है। विभाग मिशन मोड में हर तीन-चार महीने में टीईटी आयोजित करें, ताकि सभी शिक्षक समय-सीमा के भीतर परीक्षा दे सकें।

**← यह कहा है सुप्रीम कोर्ट ने →**

- टीईटी शिक्षक बनने और सेवा में रहने की अनिवार्य योग्यता है।
- पांच वर्ष से अधिक सेवा शेष शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य।
- पांच वर्ष से कम सेवा शेष शिक्षकों को पदोन्नति नहीं मिलेगी।
- 2001-2011 के बीच नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य।

### उम्मीद थी कि छूट मिलेगी लेकिन राहत नहीं

ध्यान रहे कि इस मुद्दे पर लंबे समय तक कानूनी लड़ाई चली। शिक्षकों को उम्मीद थी कि उन्हें छूट मिलेगी, लेकिन राहत नहीं मिली। प्रदेश में बड़ी संख्या ऐसे शिक्षकों की है जिनकी उम्र 50 से 55 साल हो चुकी है। पिछले 15-20 साल से पढ़ा रहे इन शिक्षकों के लिए अब किताबों और प्रतियोगी परीक्षा के पैटर्न के साथ तालमेल बिठाना मुश्किल है। समस्या यह भी है कि रोज स्कूल संचालन, मूल्यांकन और प्रशासनिक काम में व्यस्त रहने के कारण पढ़ाई के लिए समय निकालना आसान नहीं है। शिक्षा व्यवस्था और पाठ्यक्रम भी इस दौरान काफी बदल चुका है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि इन अनुभवी शिक्षकों ने सालों तक शिक्षा व्यवस्था को संभाला है। उन्हें सेवा से हटाने की बजाय सरकार को मदद करनी चाहिए।

### दक्षता की जांच होनी चाहिए

टीईटी का उद्देश्य शिक्षकों की दक्षता जांचना होनी चाहिए ना कि वर्षों का अनुभव रखने वाले शिक्षकों को छात्रों जैसी प्रतियोगी परीक्षा में बैठाकर हतोत्साहित करना। प्राथमिक और मिडिल स्कूल शिक्षकों के लिए अलग-54-556 टीईटी का उद्देश्य शिक्षकों की दक्षता जांचना होना चाहिए, न कि अलग टीईटी तथा कक्षा आधारित पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछने चाहिए। सेवाकालीन (इन-सर्विस) शिक्षकों की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उनके लिए पृथक विभागीय सीमित शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाए।

**- संजय शर्मा,** प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन

**जिला अस्पताल: सिविल सर्जन के नहीं होने से बरती गई लापरवाही**

# लापरवाही: डायलिसिस करा रहे मरीज को छोड़कर भागे कर्मचारी, फर्श पर फैला खून

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल में डायलिसिस के दौरान लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है। डायलिसिस मशीन से मरीज के शरीर में जाने वाला खून जमीन पर बहता रहा, मरीज के शोर मचाने के बाद कर्मचारी पहुंचे। इस दौरान डायलिसिस कक्ष में कोई भी प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद नहीं था। मरीज और उसके परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाया है। फिलहाल मरीज की हालत ठीक है।

- **प्रभारी डाक्टर अनिल गुप्ता भी रहे नदारद**

जिला अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों के साथ जान का खिलवाड़ किया जा रहा है। यह सब तब हो रहा है जब अस्पताल में सिविल सर्जन मौजूद नहीं है। शुक्रवार को मरीज द्वारिका प्रसाद मंडलोई डायलिसिस के लिए जिला अस्पताल पहुंचे थे। डायलिसिस के दौरान खून रिसने की शिकायत सामने आ रही थी, जब मशीन से खून लगातार बाहर निकलता रहा, तो मरीज को बैचेनी होने लगी और उन्होंने स्टाफ को आवाज लगाई, लेकिन डायलिसिस कक्ष में कोई भी प्रशिक्षित कर्मचारी मौजूद नहीं था। इसके बाद मरीज ने अपने नाती को फोन इस बारे में बताया और नाती राज मंडलोई मौके पर पहुंचे। इस दौरान मरीज का खून फर्श में फैला हुआ था, जिसके देखते साथ ही वे हैरान रह गए और स्टाफ को बुलाने के लिए नीचे गए। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद जब उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से शिकायत करनी चाही, लेकिन सिविल सर्जन डॉ एस कुजुर और आरएमओ डॉ प्रतीक प्रधान मौजूद नहीं थे। बताया जा रहा है कि डायलिसिस यूनिट के प्रभारी संविदा डाक्टर अनिल गुप्ता भी अस्पताल में मौजूद नहीं थे। इसके बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा।



अस्पताल में भर्ती मरीज।



डायलिसिस मशीन की जांच करते कर्मचारी।

### पेट दर्द से परेशान मरीज से तोड़ा दम

जहां डायलिसिस में मरीज के खून फर्श में फैलने की घटना सुबह 10 बजे हुई और परिजनों ने स्टाफ और डाक्टरों को जमकर भला बुरा कहा, वहीं शाम को भी अस्पताल में लापरवाही देखी गई, इस दौरान 3 दिनों से भर्ती देवरीखुर्द निवासी राजेश सोनी ने पेट दर्द के बाद मौत के मुंह में जा पहुंचे। जिसके बाद परिजनों ने जमकर उत्पात मचाया और डाक्टर अनिल गुप्ता पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि राजेश सोनी 3 दिन पहले ही अस्पताल में भर्ती हुए थे, उन्हें शुगर और पीलिया था, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा था, लेकिन दोपहर को कोई डाक्टर मौजूद नहीं था, इस दौरान उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और परिजनों ने नर्स से डाक्टर को बुलाने के लिए कहा लेकिन डाक्टर नहीं पहुंचे। मरीज के मौत के बाद आरएमओ और अन्य आपातकालीन डाक्टर मौके पर पहुंचे, जिसके बाद मरीज के परिजनों ने जमकर खरी खोटी सुनाई।

### सिविल सर्जन भी नदारद

बताया जा रहा है कि सिविल सर्जन डॉ एस कुजूर के आने के बाद व्यवस्था में सुधार की उम्मीद थी, लेकिन पिछले कुछ समय से डॉ कुजूर भी जिला अस्पताल से गायब रहते हैं। कभी प्रशासनिक कार्य तो कभी निजी कारणों से डॉक्टर उपस्थित नहीं हो रहे हैं। ऐसे में अस्पताल में मरीजों की जिम्मेदारी भगवान भरोसे ही है।

### बीजेपी नेता है मरीज

जानकारी के अनुसार जिस मरीज की डायलिसिल यूनिट में लापरवाही के कारण खून बहने की घटना हुई है, वह रतनपुर क्षेत्र के नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष पति और बीजेपी के क्षेत्रीय नेता द्वारिका मंडलोई हैं। उन्हें किडनी फेलियर की शिकायत है। श्री मंडलोई ने जिला अस्पताल प्रबंधन की शिकायत बीजेपी के आला नेताओं से करने की बात कही है।

### मौजूद थे कर्मचारी

डायलिसिस कक्ष में कर्मचारी मौजूद थे, मुझे बताया गया है ब्लड चढ़ाने के लिए लगाया गया एनस ढीला होने के कारण थोड़ा खून गिर गया था। परिजनों ने आरोप लगाया है। शाम को जिस मरीज की मौत हुई है, उसे दूसरी बीमारियां भी थी, डाक्टर के आते तक उसकी मौत हो गई थी।

**-डॉ प्रतीक प्रधान,** आरएमओ, जिला अस्पताल



अस्थायी रूप से लगाया गया बेरियर।

# स्टेशन के गेट नं. 4 के साथ चुचुहियापारा से प्रवेश बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल अफसरों के आदेश पर शुक्रवार की सुबह से स्टेशन के गेट नम्बर चार और चुचुहियापारा की ओर से आने-जाने वाले रास्ते को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। नई बिल्डिंग निर्माण कार्य के लिए अस्थायी रूप से चुचुहियापारा और बुधवारी की ओर रास्ते के दोनों ओर बेरियर लगाया गया है, जिसके कारण सबसे अधिक परेशानी हावड़ा एफओबी से आने-जाने वाले यात्रियों को हो रही है।

- **हावड़ा एफओबी से आने-जाने वालों को परेशानी**

बुधवारी बाजार से रेलवे स्टेशन तक आने-जाने वाले मार्ग को रेलवे ने अस्थायी रूप से बंद करने का आदेश जारी कर दिया है। इस दौरान स्टेशन का निर्माण कार्य किए जाने की वजह से बुधवारी बाजार के अलावा लोगों के लिए बुधवारी बाजार के पीछे के मार्ग से आने-जाने की व्यवस्था की गई है, जिसके लिए लगाए गए बेरियर को हटा दिया गया है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन में 392 करोड़ रुपए की लागत से काम किया जा रहा है। इसके तहत रेलवे स्टेशन के गेट नम्बर तीन की पुरानी बिल्डिंग को भी तोड़ा जाना है, जिसके कारण स्टेशन के सामने एक नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी शुरु कर दिया गया है।

शुक्रवार की सुबह से चुचुहियापारा के साथ गेट नम्बर चार के रास्ते को शेड और बेरियर लगाकर बंद कर दिया गया। चुचुहियापारा अंडरब्रिज और हेमूनगर से सीधे स्टेशन आने वाले यात्रियों को पहले गेट नम्बर चार से आने-जाने की सुविधा मिल रही थी। इसी तरह प्लेटफार्म नम्बर दो-तीन और चार-पांच के यात्री भी हावड़ा की ओर उतरने के बाद एफओबी का उपयोग करते हुए सीधे गेट नम्बर चार से बाहर निकल रहे थे। इन दोनों रास्तों को ब्लॉक करने के बाद सबसे अधिक परेशानी बुजुर्ग, महिला यात्रियों को उठानी पड़ी।




### चुचुहियापारा से बुधवारी के पीछे का रास्ता

रेलवे ने चुचुहियापारा की ओर से रास्ता ब्लॉक करने के बाद लोगों के आने-जाने के वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था बुधवारी बाजार के पीछे से की है। यह रास्ता काफी खराब है, जिसमें कदम-कदम पर गड्ढे.और धूल के कारण काफी परेशानी होती है। इस रास्ते को अस्थायी रूप से बंद गेट के कारण लोगों से आने-जाने की अपील रेलवे की है। गेट नम्बर चार के बंद होने के बाद स्टेशन के अंदर आने-जाने के लिए वीआईपी गेट नम्बर दो और कटनी गेट नम्बर एक को ओपन रखा गया है।

# स्कूटी सवार को हाइवा ने मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पचपेड़ी थाना क्षेत्र में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सिम्स अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उसका इलाज जारी है।

पुलिस के अनुसार, लोहर्सी निवासी बरन भानु 50 वर्ष पिता स्वर्गीय रोहित भानु अपने मित्र बंशी श्रीवास के साथ गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे स्कूटी क्रमांक CG 22 एई 0512 से मल्हार जा रहा था। घर में शादी के कारण दहेज के लिए टीवी खरीदने घर से निकला था। इसी दौरान पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम बिनौरी मोड़ के पास दो स्कूटी सवार हाइवा की चपेट में आ गया। मल्हार की ओर से आ रही हाईवा क्रमांक सीजी 22 जे 8196 ने सामने से स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। आमने सामने हुई टक्कर के कारण दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद हाईवा चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना राहगीरों ने तत्काल डायल-112 और पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को मस्तूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को बिलासपुर के सिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान शुक्रवार सुबह बरन भानु ने दम तोड़ दिया, जबकि बंशी श्रीवास की हालत गंभीर बनी हुई है । पचपेड़ी पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त हाईवा को जब्त कर लिया है। फरार चालक की तलाश में जुट गई है।








### किराना दुकान में चोरी दो आरोपी पकड़े गए

**बिलासपुर।** तखतपुर पुलिस ने किराना दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से माल बरामद कर लिया है। तखतपुर पुलिस के अनुसार परमीत सलूजा पिता जशपाल सिंह उम्र 26 साल ने 7 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा जरौधा गुडी में किराना दुकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान 3 टीना महाकोष तेल का 15 लीटर, 5 लीटर क्षमता वाला प्लास्टिक के 4 जरीकेन, महाकोष के 5 किलो का जरीकने और आर्शीवाद आटा व अन्य समान के साथ ही गल्ले में रखी 1 हजार रूपये की चोरी कर ली है। सूचना मिली कि जरौधा के गोपाल मेहर के कोठर में पैरावट के बीच कलेश्वर मेहर, कुंदन धृतलहरे चोरी किया सामान रखे है। कलेश्वर मेहर, कुंदन धृतलहरे ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपी कलेश्वर मेहर और कुंदन धृतलहरे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में दो अन्य आरोपी बंटी साहू एवं सुमित यादव फरार हो गए है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# दिल्ली जू ने कहा : पहले बनाओ केज फिर देंगे वुल्फ डॉग

**बिलासपुर।** कानन पेण्डारी जू प्रबंधन ने दिल्ली जू के पास प्रस्ताव भेजकर वुल्फ डॉग की मांग की है। इस मांग के बाद दिल्ली जू प्रबंधन ने कानन जू में आकर निरीक्षण किया, लेकिन केज नहीं होने के कारण वन्यप्राणी को देने से मना कर दिया गया है।

अचानकमार टाइगर रिजर्व बायोस्फियर में शामिल कानन पेण्डारी मीडियम जू में कई प्रजातियों के वन्यप्राणी अभी भी नहीं रखे गए हैं। इसका कारण है कि वन्यप्राणियों की संख्या अधिक होने से आहार और अन्य कार्यों में खर्च अधिक लगते हैं। वहीं केज भी वन्यप्राणियों के हिसाब से तैयार किया जाता है। इसमें एक वन्यप्राणी वुल्फ डॉग भी है। वुल्फ डॉग एक संकर प्रजाति है जो पालतू कुत्ते और जंगली भेड़िए के प्रजनन से उत्पन्न होती है। इसे वुल्फ डॉग हाइब्रिड भी कहा जाता है। इनमें भेड़िए और कुत्ते दोनों का डीएनए मौजूद होता है। वुल्फ डॉग देखने में काफी हद तक भेड़िए की तरह लगत हैं, लेकिन इनका स्वभाव कुत्ते और भेड़िए के मिश्रण वाला अप्रत्याशित हो सकता है। कानन अफसरों के अनुसार वुल्फ डॉग का स्वभाव सामान्य पालतू कुत्तों की तुलना में बहुत अधिक आक्रामक, स्वतंत्र और क्षेत्रीय हो सकता है। यह बहुत ऊर्जावान होता है, जिसमें शिकार करने की स्वाभाविक वृत्त बहुत अधिक होती है।

भेड़िए की तरह इसे किसी भी जगह में कैद रहना पसंद नहीं होता है और यह प्रशिक्षित करने में काफी कठिन हो सकता है। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली के अनुसार अदान-प्रदान की प्रक्रिया के तहत दिल्ली जू की ओर से वुल्फ डॉग को देने का प्रस्ताव दिया गया था।

### कहा गया है केज बनाने

दिल्ली जू से वुल्फ डॉग को लेने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। इस प्रस्ताव के बाद दिल्ली की टीम ने कानन जू आकर निरीक्षण करने के बाद केज बनाने के बाद देने की अनुमति दी है। वुल्फ डॉग को लाने के बाद पहले क्वारैंटाइन में रखा जाएगा, जिसके बाद उसे केज में छोड़ने का काम होगा।

**-राजेन्द्र सोरी,** अधीक्षक, कानन पेण्डारी जू

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर, 10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411